2. मिलेट्री सेवा के आरोप्य निःशक्त कार्मिकों को, और
3. वीरता पदक विजेताओं को।

(6) भूतपूर्व रिक्रूट जिन्हें चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किया गया है तथा उन्हें चिकित्सा निःशक्तता पेंशन प्रदान की गई है।

व्याख्या–2 संघ के सशस्त्र बलों में सेवारत व्यक्ति, जो सेवानिवृत्ति के उपरांत ''भूतपूर्व सैनिक'' की श्रेणी में आ जाएंगे, उन्हें अपनी नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि को पूरा करने से एक वर्ष पहले पुनः रोजगार के लिए आवेदन करने और भूतपूर्व सैनिकों को उपलब्ध सभी रियायतें प्राप्त करने की अनुमति दी जा सकती है परंतु उन्हें तब तक वर्दी छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि वे संघ के सशस्त्र बलों में नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि को पूरा नहीं कर लेते हैं।

<u>व्याख्या – 3</u>

(1) बच्चों से आशय है –

(क) पुत्र (गोद लिए गए पुत्र सहित) अथवा

(ख) पुत्री (गोद ली गई पुत्री सहित)

(2) आश्रित पारिवारिक सदस्य से आशय है –

(क) पति/पत्नी अथवा

(ख) बच्चे अथवा

(ग) अविवाहित पीड़ित के मामले में भाई अथवा बहन जोकि दंगों में उसके मारे जाने के समय उस पीड़ित पर पूरी तरह से आश्रित थे, पात्र होंगे। अनु0 जाति/अनु0 जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपर पैरा 4 1 (ख) में दर्शाए गए अनुसार ऊपरी आयु सीमा में श्रेणी में छूट पाने के लिए पात्रता हेतु जहां पर पीड़ित मारा गया था उस क्षेत्र से संबधित कलेक्टर/जिलाधिकारी से प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

8. <u>प्रमाणन की प्रकिया एवं प्रमाणपत्रों के प्रारूप</u>

(1) उम्मीदवार जोकि आरिक्षत रिक्तियों के तहत विचार किए जाने के इच्छुक है/अथवा आयु में छूट चाहते हैं उन्हें सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रोफार्मा में अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए अन्यथा अजा/अजजा/अपिव/भूपूसै के लिए उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी/आवेदन–पत्र सामान्य(अना0) श्रेणी के अधीन इस श्रेणी के लिए लागू शर्तो को पूरा करने की दशा में विचार किए जाएंगे। प्रमाणपत्रों के लिए प्रारूप संलग्न हैं। हालांकि पैरा–3(22) में दर्शाए अनुसार बनाए गए जाति प्रमाणपत्र को निर्धारित प्रमाणपत्र के रूप में स्वीकार्य होगा। पैरा–3(22) में दर्शाए से अलग रूप में बनाए गए जाति प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी का दावा करने वाले उम्मीदवारों को यह नोट कर लेना चाहिए कि अन्य पिछड़े वर्ग का प्रमाणपत्र आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात 5/5/2017 से तीन वर्ष पूर्व की अवधि में प्राप्त किया गया होना चाहिए। विभाग नें निर्णय लिया है कि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित वैध सबूत के रूप में निर्धारित प्रोफार्मा में जारी अपिव के प्रमाणपत्र को स्वीकार किया जाएगा परंतु यह उम्मीदवार के कागजातों के प्रमाणन की तिथि या उससे पहले का जारी किया गया होना चाहिए। कागजातों के प्रमाणन के समय उम्मीदवार को वैध जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उसकी उम्मीदवारी सामान्य श्रेणी के प्रति मानी जाएगी एवं उसे दुबारा आरक्षित श्रेणी में शामिल करने के उसके प्रार्थना पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

(2) पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों को कागजात जांच के समय उम्मीदवार के गांव के सरपंच/नंबरदार से जारी इस संबंध में प्रमाणपत्र कि वह पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थी है, साथ में संसदीय क्षेत्र के चुनावों की मतदाता सूची में उम्मीदवार के नाम को दर्शाने वाली मतदाता सूची की प्रति (चूंकि उन्हें राज्य विधान सभा के चुनावों में मताधिकार प्राप्त नहीं है) को भी उनके पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थी के तौर पर सबूत हेतु भर्ती के लिए स्वीकार किया जाएगा। जहां तक उक्त शरणार्थियों के मध्य अनुसूचित जातियों का संबंध है तो राज्य सरकार पहले ही अनुसूचित जाति के श्रेणी का उल्लेख करते हुए प्रमाणपत्र जारी कर चुकी है।

टिप्पणी– उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि यदि वे धोखाधड़ी से अजा/अजजा/अपिव/भूपूसै श्रेणी का दावा करते हैं तो उन्हें स्थाई तौर पर परीक्षा से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

9. <u>परीक्षा शुल्क</u> –

उप निरीक्षक/ओवरसियर एवं सहायक उप निरीक्षक/ड्राफ्ट्समैन, सिपाही/पायनियर (राजमिस्त्री/पलम्बर/इलेक्ट्रीशियन/बढ़ई/पेंटर) के लिए भर्ती हेतु आवेदन कर सामान्य (अना0)/अपिव श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को निम्नलिखित परीक्षा शुल्क जमा करना होगा :–

1.	उप निरीक्षक/ओवरसियर	: रू0 200/–
2.	सहायक उप निरीक्षक/ड्राफ्टसमैन	: रू0 100/–
3.	सिपाही/पायनियर (राजमिस्त्री/पलम्बर/इलेक्ट्रीशियन/बढ़ई/पेंटर)	: रू0 100/–

निम्नलिखित पद्धति के जरिए परीक्षा शुल्क जमा करना होगा :–

(1) भारतीय स्टेट बैंक चालान के जरिए (भारतीय स्टेट बैंक के अलावा अन्य बैंक का चालान स्वीकार्य नहीं है)। भारतीय स्टेट बैंक चालान के माध्यम से भुगतान दिनांक 1/5/2017 तक ही स्वीकार किया जाएगा।

(2) किसी भी बैंक से नेट बैंकिंग के द्वारा

(3) किसी भी बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड के द्वारा

जमा करने के विवरण का ऑनलाईन आवेदन में भी उल्लेख किया जाना है।

<u>भुगतान की पद्धति</u> –

(1) परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाईन पद्धति से किया जाएगा।

(2) परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र के भाग–।।। में भुगतान पद्धति पर क्लिक करें और उसमें नीचे वर्णित प्रक्रिया के अनुसार वे भुगतान वेबसाइट से जुड़ जाएंगे।

(3) ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा और पूर्ण प्रक्रिया/दिशा–निर्देश वेबसाइट www.crpfindia.com पर उपलब्ध है।

(4) आरक्षण के लिए पात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

टिप्पणी–1 शुल्क का एक बार भुगतान करने पर किसी भी स्थिति में उसे लौटाया नहीं जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे केवल www.crpfindia.com देखें और

आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र भरने और शुल्क भुगतान के लिए केरिपुबल की ओर से कोई अन्य लिंक तैयार नहीं किया गया है। निर्देश के अनुसरण नहीं करने के कारण अधूरा आवेदन रहने, किसी अन्य लिंक से शुल्क का भुगतान करने अथवा एक पंजीकरण के लिए कई बार भुगतान करने के कारण हुए नुकसान के लिए उम्मीदवार स्वंय उत्तरदायी होंगे। आवेदन पत्र भरने से पहले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र को प्रोसेस करने के दौरान तकनीकी त्रुटियों से बचने के लिए आवश्यक इंटरनेट गति आवश्यक है।

टिप्पणी–2 ऊपर बताए गई पद्धति से भिन्न प्रकार से शुल्क का भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा।

टिप्पणी–3 छूट प्राप्त उम्मीदवारों को छोड़कर बाकी अन्य उम्मीदवारों से अपेक्षित शुल्क का भुगतान नहीं प्राप्त होने पर उनके आवेदनों को सीधे तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

टिप्पणी–4 यथा लागू शुल्क के अलावा बैंक टेरिफ/कर प्रभारों को उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।

टिप्पणी–5 शुल्क का भुगतान नेट बैंकिंग/क्रेडिट/डेबिट कार्ड के द्वारा किया जाय (बैंक के लिए लागू सेवा प्रभार केवल उम्मीदवार द्वारा वहन किए जाएंगे) अथवा भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में भारतीय स्टेट बैंक चालान के जरिए किया जा सकता है। बैंक चालान की प्रति शारीरिक मानदंड जांच के समय उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत करनी होगी। भारतीय स्टेट बैंक चालान के जरिए भुगतान दिनांक 1/5/2017 तक ही स्वीकार्य होगी क्योंकि उसके बाद यह सेवा काम करना बंद कर देगी।

टिप्पणी–6 किसी भी परिस्थिति में कोई भी धनराशि वापस नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भुगतान करते समय सावधान रहें और एक पंजीकरण के कई बार भुगतान करने से बचें क्योंकि किया गया भुगतान अप्रतिदेय है, यदि वे इस प्रकार का भुगतान करते हैं तो यह उनका अपना जोखिम/नुकसान होगा।

टिप्पणी–7 ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि 6/4/2017 से पहले किए गए शुल्क के भुगतान को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी–8 रिक्तियों के नहीं होने के कारण अथवा अन्य किसी कारण यदि अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवार सामान्य श्रेणी में आवेदन करते हैं तो भी उन्हें शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त होगी।

10. <u>आवेदन कैसे करें</u> :–

आवेदन केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाएं। ऑफलाइन कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। जैसा कि इस अधिसूचना के पैरा–1 में पहले ही उल्लेख किया गया है, ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा वेबसाइट www. crpfindia.com पर उपलब्ध है, आवेदन पत्र की ऑनलाइन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। यद्यपि इसे अनुलग्नक–''।'' में शामिल किया गया है। ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी सीधे तौर पर ही नामंजूर कर दी जायेगी।

I) उम्मीदवारों को पद के लिए ऑनलाइन करना चाहिए जिसके लिए के.रि.पु.बल की वेबसाइट (www. crpfindia.com) देखें।

II) ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 5/5/2017 है।

III) ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 5/5/2017 तक अर्थात ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक पहुंच जाने चाहिए।

IV) ऑनलाइन आवेदन करने के लिए हमारी वेबासाइट (www. crpfindia.com) पर भर्ती लिंक के साथ जाएं एवं सिपाही (तकनीकी एवं ट्रेड) ''अप्लाई'' । ⟹

V) ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत अनुदेश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को कोई भी प्रविष्टि करने अथवा विकल्पों का चयन करने से पूर्व अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ लेना चाहिये। ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति करने के लिए लिंक पर उपलब्ध विस्तृत अनुदेशों के अनुरूप अपलोडिंग के लिए अपना हाल का फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन की गई (डिजिटल) ईमेज रखना अपेक्षित होगा।

VI) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के उपरांत, उम्मीदवारो के लिए अंतिम तौर पर प्रस्तुत किए गए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट लेना अपेक्षित होगा और इसे अपने साथ संभाल कर रखें।

VII) उम्मीदवारों के लिए अपने ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट अथवा कोई अन्य दस्तावेज डाक से अथवा हाथों हाथ के.रि.पु.बल के किसी कार्यालय में प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं है। उन्हें ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कापी/प्रिंट आउट साथ में अपनी पात्रता के समर्थन में स्वयं सत्यापित दस्तावेज, जब भी कहा जायेगा, प्रस्तुत करने होंगे।

VIII) उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि केवल एक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। लेकिन किसी कारण से वे एक से आधिक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते हैं तो उसे यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उच्चतर ''आवेदन संख्या'' वाला ऑनलाइन आवेदन पत्र फीस/सूचना और बैंक प्रभार सहित सभी प्रकार से पूर्ण है। जो आवेदक एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते हैं उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि के.रि.पु.बल द्वारा केवल उच्चतर ''आवेदन संख्या'' वाले ऑनलाइन आवेदन पर विचार किया जाएगा और एक ''आवेदन संख्या'' के तहत भुगतान की गई फीस/सूचना और बैंक प्रभारों को किसी अन्य ''आवेदन संख्या'' के तहत समायोजित नहीं किया जाएगा।

IX) एक बार प्रस्तुत किए आवेदन–पत्र में सुधार नहीं किया जा सकता है, अतः ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पहले सही विवरण प्रस्तुत करने के लिए पूरी सावधानी बरती जानी चाहिए।

X) उम्मीदवारों के लिए इस भर्ती प्रक्रिया के चालू रहने के दौरान अपना व्यक्तिगत ई–मेल और मोबाइल नंबर सक्रिय रखना अपेक्षित है। अतः उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि उन्हें दूसरें के ई–मेल आईडी/मोबाइल नंबर नहीं देने चाहिए।

XI) उम्मीदवारो को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाईन संपर्क टूटने की संभावना से बचने के लिए बंद होने की तिथि से काफी पहले आवेदन ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें।

XII) आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा, फीस की रसीद संभाल कर रख लेनी चाहिए और शारीरिक मानक प्रक्रिया (पीएसटी)/शारीरिक दक्षता परीक्षा(पीईटी) एवं दस्तावेजों की जांच के समय प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित इच्छुक उम्मीदवारों को निम्नलिखित प्रपत्र में घोषणा प्रस्तुत करनी होगी)

<u>घोषणा</u>

मैं ..... पुत्र/पुत्री श्री ..... निवासी गांव/नगर/शहर ..... जिला ..... राज्य ..... एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं ..... समुदाय से संबंधित हूं जिसकी भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय के दिनांक 08/09/93 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93–स्था (एससीटी) के अनुसार एक पिछडे वर्ग के रूप में सरकारी सेवा में आरक्षण देने के उद्देश्य से पहचान की गई है। यह भी घोषणा की जाती है कि मैं दिनांक 08/09/93 के ऊपर वर्णित कार्यालय ज्ञापन की अनुसूची के कॉलम 3 में दर्शाये गए व्यक्तियों/वर्गो (क्रीमीलेयर) से संबंधित नहीं हूं।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

11. भर्ती के लिए प्रवेश :–

i) सभी उम्मीदवारों को, जो आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथि बंद होने तक इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन करते हैं और अनंतिम तौर पर पात्र है, रोल नम्बर आबंटित किए जाएंगे, जो उन्हें पीएसटी/पीईटी के लिए बुलाने के समय सूचित किया जाएगा।

ii) पीएसटी/पीईटी और दस्तावेजों की जांच, लिखित परीक्षा, ट्रेड परीक्षा और विस्तृत चिकित्सा जांच के लिए बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र वेबसाइट www.crpfindia.com पर उपलब्ध होंगे से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त कागजात केवल उपर्युक्त साइट से ही प्राप्त करें किसी अन्य वेबसाइट से अन्य लिंक उपलब्ध नहीं होगा।

iii) उम्मीदवार को के.रि.पु.बल. को कोई भी पत्र भेजते समय अपने रोल नम्बर, नाम, जन्मतिथि और परीक्षा केन्द्र का नाम उल्लेख करना चाहिए, इन विवरणों के बगैर उम्मीदवार के किसी भी पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv) वेबसाइट से पीएसटी/पीईटी और दस्तावेजों की जांच, लिखित परीक्षा आदि के लिए बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में असमर्थता के मामले में उम्मीदवारों को पीएसटी/पीईटी और दस्तावेजों की जांच/लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा अथवा चिकित्सा जांच से कम से कम एक सप्ताह पहले संबंधित भर्ती केन्द्रों से संपर्क करनी चाहिए। पीएसटी/पीईटी, दस्तावेजों की जांच, लिखित परीक्षा, ट्रेड परीक्षा और चिकित्सा जांच के लिए अनंतिम कार्यक्रम के साथ में पीएसटी/पीईटी, दस्तावेजों की जांच, लिखित परीक्षा, ट्रेड परीक्षा और चिकित्सा जांच के लिए प्रवेश–पत्र प्राप्त न होने के मामले में संपर्क किए जाने वाले संपर्क अधिकारियों का विवरण के.रि.पु.ब. की वेबसाइट पर डाल दिए जाएंगे।

v) संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के लिए प्राथमिक वेबसाइट www.crpfindia.com है। हालांकि, पीएसटी/पीईटी दस्तावेजों की जांच, ट्रेड परीक्षा और चिकित्सा जांच का विस्तृत कार्यक्रम केरिपुब की दोनो वेबसाइटों (www.crpf.nic.com और www.crpfindia.com) पर उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा, साथ में केंद्रवार उम्मीदवारों का प्रत्येक दिन के लिए रोल नम्बर ब्लॉक और दस्तावेजों की जांच, पीएसटी/पीईटी, ट्रेड परीक्षा और चिकित्सा जांच से कम से कम एक सप्ताह पहले के.रि.पु.बल की वेबसाइट www.crpfindia.com) पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

टिप्पणी :– उम्मीदवारों को पीएसटी/पीईटी और दस्तावेजों की जांच केंद्रों, लिखित परीक्षा केंद्र और ट्रेड परीक्षा और चिकित्सा जांच/रिव्यू चिकित्सा जांच के स्थल पर कम से कम एक नवीनतम फोटोयुक्त पहचान का सबूत जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, विश्वविद्यालय/कालेज से जारी पहचान पत्र, आयकर पैन कार्ड मूल रूप में साथ लेकर आना चाहिए अन्यथा उन्हें किसी भी स्थिति में परीक्षा/भर्ती में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

12. परीक्षा केंद्र :–

भर्ती परीक्षाएं निम्नलिखित 6 केंद्रों पर की जाएंगी। उम्मीदवार अपनी सुविधानुसार भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए किसी एक भर्ती केन्द्र का चयन कर सकते हैं। उम्मीदवारों ने जिस केंद्र का चयन किए हैं उसी केंद्र पर उनकी भर्ती जांचें की जाएंगी। भर्ती केद्र को बदली करने के किसी अनुरोध पर किसी भी अवस्था में विचार नहीं किया जाएगा :–

क्र0सं0	परीक्षा केन्द्र का नाम	कोड
1.	कमांडेंट	501

	प्रथम सिगनल बटालियन, केरिपुबल, झडौंदा कलां, नई दिल्ली–110072 दूरभाष – 011–25315852 ई–मेल :–co1sig@crpf.gov.in	
2.	कमांडेंट 2 सिगनल बटालियन, डाकघर केशेगिरी, हैदराबाद (तेलांगाना)–500005 दूरभाष – 040–29804242 ई–मेल :–co2sig@crpf.gov.in	502
3.	कमांडेंट, 4 सिगनल बटालियन, केरिपुबल, नीमच (म0प्र0)–458445 दूरभाष – 074–23223228 ई–मेल :–co4sig@crpf.gov.in	503
4.	कमांडेंट, 5 सिगनल बटालियन, केरिपुबल, हैलोमाजरा, रामदरबार, चण्डीगढ़–110002 (यू0टी0) दूरभाष – 0172.–2637727 ई–मेल :–co5sig@crpf.gov.in	504
5.	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, सेम्बु, धुर्वा, पीएस–नागरी, रांची (झारखण्ड)–834004 दूरभाष :– 08986606984 ई–मेल :– gcrancrpf@gmail.com	505
6	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, पोस्ट–दीमापुर, खटखटी (आसाम)–797112 नियंत्रण कक्ष दूरभाष :– 03675–249056 ई–मेल :– gckkt@crpf.gov.in	506

टिप्पणी :–**I** लिखित परीक्षा केंद्र में परिवर्तन की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जाएगी। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि केंद्र का चयन ध्यानपूर्वक करें और ऑनलाइन आवेदन पत्र में नियत स्थान पर सही ढंग से दर्शाएं।

टिप्पणी :–**II** केरिपुबल के पास किसी भी केंद्र को रद्द करने और उस केंद्र के उम्मीदवारों को किसी अन्य केन्द्र पर शामिल होने के लिए कहने का अधिकार सुरक्षित है।

13. भर्ती/चयन प्रक्रिया

क्र0 सं0	पद/रैंक	भर्ती चरण
1	उप निरीक्षक (ओवरसियर)	i) पीएसटी/पीइटी तथा दस्तावेजों की जाचं। ii) लिखित परीक्षा। iii) चिकित्सा जांच।

		iv) मेरिट सूची तैयार करना।
2.	सहायक उप निरीक्षक (ड्राफ्ट्समैन)	i) पीएसटी/पीइटी तथा दस्तावेजों की जांच। ii) लिखित परीक्षा। iii) चिकित्सा जांच। iv) मेरिट सूची का आहरण।
3.	सिपाही (पायनियर)	i) पीएसटी/पीइटी तथा दस्तावेजों की जांच। ii) लिखित परीक्षा। iii) ट्रैड परीक्षा। iv) चिकित्सा जांच। v) मेरिट सूची तैयार करना।

1. शारीरिक मानदंड परीक्षा (परीक्षा)/शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) एवं दस्तावेजों की जांच

उम्मीदवारों को इस विज्ञापन सूचना के पैरा–5 एवं 6 में उल्लखित पीएसटी/पीईटी परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

2. लिखित परीक्षा– 30/07/2017 (रविवार)

लिखित परीक्षा की तिथि निर्धारित और अंतिम है, लेकिन अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है। परीक्षा कार्यक्रम और परीक्षा संचालन के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए नियमति तौर पर www.crpfindia.com और www.crpf.nic.com देखते रहे। प्रवेश पत्र को तदनुसार अपलोड किया जाएगा।

3. ट्रेड परीक्षा (केवल सिपाही/पायनियर के पद के लिए) पास होना आवश्यक है।

4. चिकित्सा जांच एवं रिव्यू चिकित्सा जांच।

5. चयन विधि/अंतिम मेरिट सूची तैयार करना।

टिप्पणी–1 यह भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक आयोजन के लिए अनंतिम क्रार्य्क्रम है।

टिपणी–2 चरणबद्ध भर्ती प्रक्रिया का अनंतिम क्रार्य्क्रम के.रि.पु.बल की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वास्तविक कार्यक्रम की जानकारी के लिए सीधे वेबसाइट (www.crpfindia.com) और (www.crpf.nic. com) देखें।

14. चयन की विधि

भर्ती के लिए आवेदन कर रहे और प्रथम दृष्टया पात्र सभी उम्मीदवारों को शारीरिक मानदंड परीक्षा (परीक्षा)/शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) एवं दस्तावेजों की जांच में शामिल होने के लिए कहा जाएगा। पीएसटी/पीईट और दस्तावेजों की जांच से पहले उनकी पात्रता की विस्तृत जांच नही की जाएगी। अतः पीएसटी/पीईट और दस्तावेजों की जांच के लिए उपस्थित होने से पूर्व यथा निर्घारित अपनी पात्रता की जांच करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

1 शारीरिक मानदंड परीक्षा (परीक्षा)/शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) एवं दस्तावेजों की जांच

शारीरिक दक्षता परीक्षा को निर्बाध, पारदर्शी, सटीक एवं मानव त्रुटि को न्यूनतम किया जाना सुनिश्चित करने के लिए बल अपने विवेकानुसार पर्याप्त उपायों एवं आधुनिक तरीको को अपनाएगा।

क) पीईटी

हाईट बार एवं 1.6 कि.मी. की दौड़ (अर्हता प्राप्त करना)

विभिन्न पदों के लिए पीईटी निम्नलिखित तरीकों से किया जाएगा :–

उप निरीक्षक (ओवरसियर):

उम्मीदवारों को लम्बाई की जांच में शामिल होने के लिए कहा जाएगा और इस जांच में असफल उम्मीदवारों को निकाल दिया जाएगा तथा भर्ती प्रक्रिया के आगे के चरणों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा निकालने के कारण की जानकारी वाली अस्वीकृत करने की पर्ची दी जाएगी। वे उम्मीदवार जो 1.6 (1 मील) की दौड़ 9 मिनट में पूर्ण करते है उन्हें सफल माना जाएगा।

सहायक उप निरीक्षक / ड्राफ्ट्समैन

लम्बाई में अर्हता प्राप्त उम्मीदवार को निम्नलिखित पीईटी जांच परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी :–

1.6 कि.मी. दौड़ 6 मिनट 30 सेकेन्ड में।

100 मीटर दौड़ 16 सेकेन्ड में।

लम्बी कूद : 3.65 मीटर 3 अवसरों में।

ऊंची कूद : 1.2 मीटर 3 अवसरों में।

शॉट–पुट (16 एलबीएस) : 4.5 मीटर 3 अवसरों में।

प्रत्येक स्पर्धा अनिवार्य है। किसी भी चरण में असफल घोषित किए जाने पर उसे भर्ती प्रक्रिया से हटा दिया जाएगा तथा निकालने के कारण की जानकारी वाली अस्वीकृत करने की पर्ची दी जाएगी।

सिपाही / पायनियर (राजमिस्त्री, पलम्बर, इलक्ट्रीशियन, बढ़ई एवं पेंटर)

उम्मीदवारों को लम्बाई की जांच में शामिल होने के लिए कहा जाएगा और इस जांच में असफल उम्मीदवारों को निकाल दिया जाएगा तथा भर्ती प्रक्रिया के आगे के चरणों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा निकालने के कारण की जानवारी वाली अस्वीकृत करने की पर्ची दी जाएगी। वे उम्मीदवार जो 1.6 (1 मील) की दौड 9 मिनट में पूर्ण करते है उन्हें सफल माना जाएगा।

टिप्पणी :–1 यह जांच केवल अर्हता प्राप्त करने के लिए है। जो उम्मीदवार दौड़ में अर्हता प्राप्त नहीं करता है उसे पीठासीन अधिकारी द्वारा अस्वीकृत पर्ची में कारण उल्लेखित कर भर्ती प्रक्रिया से निकाल दिया जाएगा।

2. भूतपूर्व सैनिकों के लिए पीईटी का आयोजन नहीं किया जाएगा जैसा कि उपर्युक्त में वर्णित है।

3. सुचारू, पारदर्शी, सही और न्यूनतम मानवीय चूक सुनिश्चित करने के लिए बल पर्याप्त कदम उठा सकती है और पीईटी परीक्षा का संचालन करने तथा पीएसटी विवरण की सगंणना के लिए आधुनिक माध्यमों का इस्तेमाल कर सकती है।

ख) शारीरिक मानदंड जांच

(i) जो उम्मीदवार लम्बाई बार / पीईटी की जांच में सफल हो जाते हैं उनकी लम्बाई, छाती और वजन की जांच अधिकारियों के एक बोर्ड द्वारा किया जायगा। जो उम्मीदवार आवश्यक शारीरिक

मानदंड और दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूरी करते हैं उन्हें लिखित परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। जो उम्मीदवार निर्धारित शारीरिक मानदंड को पूर्ण नहीं करते है उन्हें पीठासीन अधिकारी द्वारा अस्वीकृत पर्ची में कारण उल्लिखित कर के भर्ती प्रक्रिया से निकाल दिया जाएगा। हालांकि वजन के आधार पर निकालने की प्रक्रिया केवल चिकित्सा जांच के समय किया जाएगा। सभी विज्ञापित पदों के लिए शारीरिक मानदंड पहले ही विज्ञापन सूचना के पैरा–5 में विस्तार से दिए गए हैं।

(ii) भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यदि कोई उम्मीदवार अपने शारीरिक मानदंड से संतुष्ट नहीं है तो वह उसी दिन पीठासीन अधिकारी भर्ती बोर्ड के समक्ष शारीरिक मानदंड में अस्वीकृति के विरूद्व अपील कर सकता है। ऐसे उम्मीदवारों का उसी दिन दोबारा माप लिया जाएगा अथवा अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पुनः माप के तिथि के लिए पीठासीन अधिकारी भर्ती बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा। इस संबंध में अपीलीय प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। यदि उम्मीदवार निर्धारित मानदंड को पूरा करता है तो उसी क्रम में अगली चयन प्रक्रिया के लिए अग्रेषित किया जाएगा।

टिप्पणी :– 1 लंबाई और छाती में छूट (जैसी भी स्थिति हो) ऊपर उल्लेखित केवल पीएसटी/पीईटी एवं दस्तावेजों की जांच के समय जहां वह निवास करता है, के जिले के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र अनुलग्नक–VI में प्रस्तुत करने पर ही अनुमन्य होगी।

2. जो उम्मीदवार लम्बाई बार एवं पीईटी (दौड़) के मापदंडो में योग्य पाए जाते हैं उनकी लम्बाई, छाती और वजन का माप बोर्ड द्वारा लिया जाएगा।

(iii) निम्नलिखित अधिकारी को पीएसटी/पीईटी के समय दिये गये विवरण के अनुसार संबंधित परीक्षा केन्द्र का अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया जाता है :–

क्र0सं0	केंद्र का नाम	केंद्र का पता
1.	कमांडेंट प्रथम बेतार वाहिनी, केरिपुबल, झडौंदा कला, नई दिल्ली पिन कोड–110072 दूरभाष – 011–25315852 ई–मेल :–co1sig@crpf.gov.in	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, झडौंदा कला, नई दिल्ली पिन कोड–110072
2.	कमांडेंट द्वितीय बेतार वाहिनी, केरिपुबल, पोस्ट–केशोगिरी, हैदराबाद (तेलंगाना) पिन – 500005 दूरभाष – 040–29804242 ई–मेल :–co2sig@crpf.gov.in	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, चंद्रायनगुट्टा, केशोगिरी, हैदराबाद, आं0प्र0 पिन – 500005
3.	कमांडेंट चतुर्थ बेतार वाहिनी, केरिपुबल, नीमच (म0प्र0) पिन कोड – 458445 दूरभाष – 074–23223228 ई–मेल :–co4sig@crpf.gov.in	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, नीमच (म0प्र0) पिन कोड – 458445
4.	कमांडेंट	पुलिस उप महानिरीक्षक,

क्र0सं0	केंद्र का नाम	केंद्र का पता
	पंचम बेतार वाहिनी, केरिपुबल, झडौंदा कला, नई दिल्ली पिन कोड – 110072 दूरभाष – 0172.–2637727 ई–मेल :–co5sig@crpf.gov.in	रेंज मुख्यालय, केरिपुबल, हैलोमाजरा, चण्डीगढ़ (यू0टी0) पिन – 160002
5.	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, सेम्बो, धुर्वा, पीएस–नागरी, रांची (झारखण्ड) पिन – 834004 दूरभाष :– 08986606984 ई–मेल :–gcrancrpf@crpf.gmail.com	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, सेम्बो, धुर्वा, पीएस–नागरी, रांची (झारखण्ड) पिन – 834004
6.	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, पोस्ट–दीमापुर, खटखटी (आसाम) पिन कोड – 797112 दूरभाष – 03675–249056 ई–मेल :–gckkt@crpf.gov.in	पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, पोस्ट–दीमापुर, खटखटी (आसाम) पिन कोड – 797112

ग) दस्तावेजों की जांच :–

पीएसटी/पीईटी में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को निम्नलिखित मूल दस्तावेजों की जांच की जाएगी। उम्मीदवारों द्वारा आवश्यक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहने पर उन्हें भर्ती प्रक्रिया से निकाल दिया जाएगा और किसी भी उम्मीदवार को अस्थायी रूप से अनुमति नहीं दी जाएगीं।

(i) शिक्षा प्रमाणपत्र।

(ii) जन्मतिथि का प्रमाणपत्र (मैट्रिकुलेशन अथवा 10 वीं पास का प्रमाणपत्र)।

(iii) अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0व0 प्रमाणपत्र, यदि लागू हो, तो क्रमशः अनुलग्नक– IV और V में दिए गए प्रपत्र के अनुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए। हालांकि जाति प्रमाणपत्र पैरा– 3 (xxii) में वर्णित तरीके से तैयार निर्धारित प्रमाणपत्र ही स्वीकार किए जाएंगे।

(iv) जो उम्मीदवार भर्ती के लिए अनु.जाति/अनु. जनजाति श्रेणी में आवेदन प्रस्तुत करता है तथा पीएसटी के समय किसी भी प्रपत्र में जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो गलत सूचना एवं अनुचित लाभ के कारणों से उसकी उम्मीदवारी सीधे तौर पर रद्द कर दी जाएगी।

(v) अति पिछड़ा वर्ग श्रेणी के उम्मीदवार अगर वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल होते है तो उन्हें सामान्य श्रेणी में माना जायगा।

(vi) सिक्किम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा मिजोरम मेघालय, असम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और गोरखा क्षेत्रीय प्रशासन (गोरखा क्षेत्रीय प्रशासन) से संबंधित गढ़वालियों, कुमाउनी, डोगरा, मराठी उममीदवार लम्बाई और छाती में छूट प्राप्त करने के लिए अनुरोध करता है तो उसे अनुलग्नक– VI में दिए गए प्रपत्र में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

(vii) उम्मीदवारों को दस्तावेजों की जांच के समय उनके संबंधित ट्रेड अर्थात राजमिस्त्री, बढ़ई, पेंटिंग, प्लम्बिंग और अथवा इलक्ट्रीशियन का एक वर्ष का अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(viii) भूतपूर्व सैनिक मामले में डिस्चार्ज प्रमाणपत्र।

(ix) सरकारी/अर्द्ध सरकारी कर्मचारी के लिए उनके कार्यालय अध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र।

(x) उम्मीदवारों के हाल के चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।

(xi) मूल प्रमाणपत्र के अतिरिक्त, उम्मीदवार शैक्षणिक, जाति, टैक्निकल/ट्रेड और अनुभव प्रमाणपत्र आदि की जीरोक्स/फोटो कॉपी भी साथ में लाएं।

टिप्पणी :– 1 उम्मीदवारों को कम से कम एक नवीनतम फोटो लगा हुआ पहचान पत्र जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा जारी पहचान पत्र, आयकर, पैन कार्ड मूल रूप में लाना होगा।

2. उम्मीदवारों की पहचान पीएसटी/पीईटी एवं दस्तावेजों की जांच के समय अधिकारियों के बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत पहचान पत्र से की जाएगी। उनकी योग्यता का सत्यापन करने के लिए पीएसटी/पीईटी चरण में बायोमेट्रिक डाटा भी लगाए जाएंगे।

2. <u>लिखित परीक्षा</u>

(क) <u>प्रक्रिया</u>

पीएसटी/पीईटी एवं दस्तावेजों की जांच में सफल रहने वाले उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए पीएसटी/पीईटी एवं दस्तावेजों की जांच के दिन लिखित रूप में सूचित किया जाएगा। जो उम्मीदवार पीएसटी/पीईटी एवं दस्तावेजों की जांच में उत्तीर्ण होते हैं उनका प्रवेश–पत्र लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए दिनांक एवं स्थान सहित वेबसाइट www.crpfindia.com में अपलोड किए जाएंगे। योग्य उम्मीदवार वेबसाइट www.crpfindia.com से अपना बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र से डाउनलोड कर सकते हैं। लिखित परीक्षा निम्नानुसार होगी :–

(क) लिखित नामित परीक्षा केंद्रों पर ओएमआर आधार पर आयोजित की जाएगी।

(ख) विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा निम्नलिखित तरीके से आयोजित की जाएगी :–

i) <u>उप निरीक्षक (ओवरसियर)</u>

एक पत्र तीन भागों में कुल 100 अंकों का निम्नलिखित विवरणानुसार होगा :–

भाग **I** व्यावसायिक ज्ञान (सिविल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम से संबंधित)
50 अंको का (प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक)

भाग **II** सामान्य जागरूकता (सामान्य ज्ञान, सामान्य जागरूकता से संबंधित)
25 अंकों का (प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक)

भाग **III** भौतिक विज्ञान/गणित/रसायन शास्त्र (12 वीं स्तर के अनुसार)

25 अंकों का (प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक)

(लिखित परीक्षा बहुविकल्प आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा। प्रश्न–पत्र 2 घंटे अवधि का हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों में होंगे। उत्तर केवल हिंदी अथवा अंग्रेजी में दिए जाएं।)

II) <u>सहायक उप निरीक्षक (ड्राफ्ट्समैन)</u>

एक प्रश्न पत्र दो भागों में होगा जिसके कुल 100 अंक निम्नानुसार होंगे :–

भाग **I** 60 अंकों का (गणित –15, विज्ञान–15, अंग्रेजी 10वी स्तर का–15, सामान्य ज्ञान और जागरूकता–15, कुल–60 अंक)

60 अंकों को (प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक)

भाग .**II** व्यावसायिक ज्ञान

40 अंको (प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक)

ड्राफ्टसमेन के काम से संबंधित प्रश्न–पत्र।

(लिखित परीक्षा बहुविकल्प आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा। प्रश्न–पत्र 2 घंटे अवधि का हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों में होंगा। उत्तर केवल हिंदी अथवा अंग्रेजी में दिए जाएंगे।)

III) सिपाही/पायनियर

एक प्रश्न–पत्र दो भागों में होगा जिसके कुल 100 अंक निम्नानुसार होंगे :–

भाग **I** 40 अंकों का (प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक)

सामान्य जागरूकता/ज्ञान, प्रारंभिक गणित का ज्ञान, विश्लेषणात्मक अभिरूचि, पैटर्न को जांचने और अंतर करने की योग्यता, अंगेजी/हिंदी का बुनियादी ज्ञान।

भाग **II** 60 अंक का (प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक)

संबंधित ट्रेड में उम्मीदवार के ज्ञान का आंकलन करने के लिए प्रत्येक ट्रेड के लिए अलग–अलग प्रश्न होंगे। किसी एक ट्रेड के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को केवल उसी ट्रेड का प्रश्न–पत्र दिया जाएगा।

*****सिपाही/पायनियर (अर्थात राजमिस्त्री, पलम्बर, इलैक्ट्रिसियन, बढई और पेंटर) के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को केवल संबंधित ट्रेड का ही प्रश्न–पत्र अलग से दिया जाएगा।

टिप्पणी–1 : लिखित परीक्षा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक ही दिन और समय में आयोजित की जाएगी।

टिप्पणी–2 : अंतिम मेरिट सूची उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी जो कि संबंधित पदों जैसा ऊपर दर्शाया गया है के लिए लागू होगी।

ग) लिखित परीक्षा के लिए कट–ऑफ अंक निम्नानुसार होंगे :–

i) उप निरीक्षक (ओवरसियर)

क) सामान्य/भूतपूर्व सैनिक : प्रत्येक प्रश्न पत्र में 45 प्रतिशत अंक।

ख) अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0व0 उम्मीदवार : प्रत्येक प्रश्न पत्र में 40 प्रतिशत अंक।

ii) सहायक उप निरीक्षक (ड्राफ्ट्समैन)

क) सामान्य/भूतपूर्व सैनिक : प्रत्येक प्रश्न पत्र में 45 प्रतिशत अंक।

ख) अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0व0 उम्मीदवार : प्रत्येक प्रश्न पत्र में 40 प्रतिशत अंक।

iii) सिपाही/पायनियर (राजमिस्त्री, पलंबर, इलक्ट्रीशियन, बढई और पेंटर)

क) सामान्य : प्रत्येक प्रश्न पत्र में 35 प्रतिशत अंक।

ख) अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0व0 : प्रत्येक प्रश्न पत्र में 33 प्रतिशत अंक।

घ) प्रश्न–पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किए जाएंगे। तदनुसार इन दोनो में किसी एक भाषा में उत्तर दिए जाएं।

च) प्रश्न–पत्र भाग–1 एवं 2 में उत्तर के लिए नीला/काला बाल पेन का प्रयोग करें।

छ) लिखित परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी।

ज) लिखित परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अथवा लिखित परीक्षा का फिर से आयोजन के लिए किसी प्रतिवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

झ) उम्मीदवार को लिखित परीक्षा के लिए अपने साथ क्लिप बोर्ड और नीला/काला बाल पेन लानी चाहिए।

ट) उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, कैलकुलेटर अथवा किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक/इलीक्ट्रिकल उपकरण के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए उम्मीदवार को परीक्षा हॉल के अंदर इन उपकरणों को नहीं ले जाए। इन उपकरणों के साथ में होने पर चाहे प्रयोग करे या नहीं, परीक्षा में ''अनुचित तरीकों का प्रयोग' समाझा जाएगा और इस तरह के उम्मीदवार के विरूद्व उचित कार्रवाई की जाएगी।

ख) <u>लिखित परीक्षा के लिए अनुदेश</u>

1) लिखित परीक्षा के प्रश्न–पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किए जाएंगे और उम्मीदवार को हिंदी या अंग्रेजी में से किसी एक भाषा में अपना उत्तर देने को विकल्प रहेगा। उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए भाषा के विकल्प का कोड अर्थात हिंदी या अंग्रेजी ओएमआर उत्तर पुस्तिका में उपयुक्त स्थान पर दर्शाई जाएगी अन्यथा उसकी ओएमआर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे हिंदी/अंग्रेजी में दें लेकिन वे उत्तर आंशिक रूप से हिंदी और आंशिक रूप अंग्रेजी या विलोमतः नहीं दे सकते हैं।

2) प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध करायी गई ओएमआर उत्तर पुस्तिका में लिखने हैं।

3) उम्मीदवार को अपने प्रश्न–पत्र पुस्तिका और ओएमआर पुस्तिका दोनों में अपना रोल नंबर लिखना होगा।

4) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और इनके अंक समान हैं।

5) प्रत्येक प्रश्न–पत्र पुस्तिका का एक अलग श्रंखला संख्या और श्रंखला कोड होगा। उम्मीदवारों को अपने ओएमआर उत्तर पुस्तिका में प्रश्न–पत्र पुस्तिका की श्रंखला संख्या और श्रंखला कोड सही अंकित करनी होगी और इसी प्रकार प्रश्न–पत्र पुस्तिका में ओएमआर उत्तर पुस्तिका की संख्या और कोड अंकित की जाएगी।

6) जिन ओएमआर उत्तर पुस्तिकाओं पर उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर, भाषा का विकल्प कोड, श्रेणी, प्रश्न पुस्तिका श्रंखला, श्रंखला कोड, हस्ताक्षर, बाये अंगूठे का निशान आदि इनके लिए नियम उपयुक्त कॉलमों/बॉक्सों में नहीं लिखे/भरे होंगे उनका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उन्हें ''शून्य'' अंक प्रदान किए जाएंगे।

7) प्रत्येक प्रश्न के बाद उत्तर के 4 विकल्प दिए गए हैं। उम्मीदवार को इनमें से प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर का चयन कररके केवल एक विकल्प को गहरा करके अपना सही उत्तर देना होगा।

8) यदि एक से अधिक ओवल भरे गए हैं तो उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

9) उम्मीदवार को ओवल को पूरी तरह भरने से पहले अच्छी तरह सोचना और स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए।

10) उम्मरीदवारों को परीक्षा हॉल छोड़ने से पहले अपने ओएमआर उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्न–पत्र पुस्तिकाएं इनविजिलेटर को सौप देने चाहिए, ऐसा नहीं करने पर उन्हे अयोग्य (डिस्कवालिफाई) किया जा सकता है।

11) रफ कार्य करने के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ा जाए। उम्मीदवारों को उस स्थान पर केवल वहीं काम करना चाहिए और इसके लिए कोई अन्य स्थान या कागज आदि इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

12) उम्मीदवारों का उत्तर पुस्तिका की कॉर्बन कॉपी लेने की अनुमति होगी। लिखित परीक्षा के कुछ दिनों के बाद उत्तरों की कुंजी वेबसाइट www.crpfindia.com पर अपलोड की दी जाएगी। हालांकि भर्ती केन्द्रों पर भी नोटिस बोर्ड में उत्तरों की कुंजी प्रदर्शित की जाएगी।

13) उम्मीदवार को अपनी उत्तर पुस्तिका में पूछी गई विशिष्ट जानकारी के अतिरिक्त कोई असंगत बात नहीं लिखनी चाहिए। यदि वह ऐसा करता/करती है तो उसकी उत्तर पुस्तिका अवैध कर जाएगी और उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

14) परीक्षा केंद्र के अन्दर कैलकुलेटर/सैल फोन/कोई अन्य संगणक/इलेक्ट्रॉनिक यंत्र लाने की अनुमति नहीं है।

15) यदि परीक्षा हॉल में किसी उम्मीदवार के पास मोबाइल फोन या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों/वायरलैस संचार यंत्र पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

16) नकल करते हुए या दूसरो की सहायता करते हुए या अनुचित तरीको का इस्तेमाल करते हुए पाए जाने पर उम्मीदवार को सीधे अयोग्य (डिस्कवालिफाई) कर दिया जाएगा और इसकी अन्युक्ति दर्ज कर दी जाएगी।

17) उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कंप्यूटरीकृत होगा और किसी भी अवस्था में इनके पुनः मूल्यांकन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

18) उम्मीदवारों को ओएमआर उत्तर पुस्तिका और प्रश्न–पत्र पुस्तिका के कॉलम ठीक से भरने के लिए 15 मिनट का समय दिया जाएगा।

3. <u>केवल सिपाही/पायनियर (अर्थात सिपाही/राजमिस्त्री/पलम्बर/इलेक्ट्रिशियन/बढ़ई/पेंटर) के पद के लिए ट्रेड परीक्षा</u> :–

क) लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए गए सभी उम्मीदवारों को ट्रेड परीक्षा में शामिल किया जाएगा। लिखित परीक्षा का परिणाम वेबसाइट www.crpfindia.com तथा www.crpf.nic.in मे डाउनलोड किया जाएगा। लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवार ट्रेड परीक्षा के लिए अपने बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र वेबसाइट www.crpfindia.com से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त लिखित परीक्षा का परिणाम और ट्रेड परीक्षा की तिथि/स्थान भी लिखित परीक्षा के केंद्रों पर प्रदर्शित की जाएगी और केरिपुबल की वेबसाइट (www.crpfindia.com तथा www.crpf.nic.in) में डाउनलोड किया जाएगा।

ख) ट्रेड परीक्षा एवं व्यावहारिक आकलन विवरणात्मक और वस्तुनिष्ठ के रूप में दो भागों में किया जाएगा अर्थात व्यावहारिक आंकलन और लिखित ट्रेड कौशल जो कि अर्हक प्रकृति के होंगे। उम्मीदवार को पास होने के लिए व्यावहारिक ट्रेड परीक्षा में 50 अंको में से 20 अंक अवश्य प्राप्त करने होंगे। इसका विवरण इस प्रकार है :–

क्रमांक	टाईप ऑफ टेस्ट	गतिविधि विवरण	अधिकतम अंक
01	भारत सरकार, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय	3 माह से अवधि के पाठ्यक्रम प्रमाण–पत्र रखने वाले उम्मीदवारों को पूर्ण अंक दिये	05

	कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) द्वारा किये गये ऐंकर के अनुपालन में एनएसक्युएफ (राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क) बनाए जाने वाले प्रशिक्षण/शिक्षा कार्यक्रम/पाठ्यक्रम	जाएंगें। फिर भी सत्यापन प्रक्रिया के अनुसार संबंधित संस्थानों द्वारा प्रमाण–पत्र की प्रमाणिकता सत्यापित की जाएगी।	
	डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र (पाठ्यक्रम एवं अनुभव)	किसी विनिर्दिष्ट अवधि के साथ अथवा बगैर डिप्लोमा अथवा प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम, अथवा अन्य कौशल पाठ्यक्रम अथवा संबंधित ट्रेड का अनुभव प्रमाण–पत्र, यदि कोई जारी किया गया है, भले ही कोई भी एजेंसी/संस्थान हो।	
02	ट्रेड परीक्षा	संबंधित ट्रेड का मौखिक मुल्यांकन	05
		व्यवहारिक मुल्यांकन	35
03	लिखित परीक्षा	100 शब्दों में सबंधित ट्रेड का विषयागत मूल्यांकन (कुल समय 20 मिनट)	05
	कुल (1+2+3)	कुल अंक	50

टिप्पणी 1 भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के तहत (तीन माह और इससे अधिक अवधि) का प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार।

अथवा

मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एजेंसी से ट्रेड का प्रमाणपत्र।

संबंधित ट्रेड का मौखिक मूल्यांकन के समय ट्रेड का प्रमाणपत्र होने पर उम्मीदवार को ट्रेड परीक्षा में अतिरिक्त 5 अंक दिए जाएंगे। हालांकि सत्यापन प्रक्रिया के अनुसार प्रमाणपत्र की प्रमाणिकता को संबंधित संस्थान से सत्यापित करवाया जाएगा।

टिप्पणी 2 अन्य डिप्लोमा अथवा प्रमाणपत्र कोर्स अथवा कोई अवधि अथवा बिना विर्निदिष्ट अवधि का संबंधित ट्रेड का अन्य कौशल कोर्स या संबंधित ट्रेड का अनुभव प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार के द्वारा यदि प्रस्तुत किया जाता है, इसको जारी करने वाली स्रोत संस्था/एजेंसी को ध्यान में रखे बिना केवल वास्तविक प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

टिप्पणी 3 प्रंक्रिया के अनुसार ट्रेड परीक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। मौखिक, व्यवहारिक एवं अनुभव के भाग का मूल्यांकन किया जाएगा तथा ऐसे मूल्यांकन के दौरान इसके समर्थन में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों एवं किए जाने वाले प्रदर्शन के आधार पर अंक दिए जाएंगे। उम्मीदवार एनएसक्यूएफ/आईटीआई के फर्जी प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करना चाहिए। यदि सत्यापन के दौरान यह फर्जी पाया जाता है तो उनके विरूद्ध बल में निर्धारित कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेड परीक्षा के दौरान उम्मीदवार से संबंधित ट्रेड जिसके लिए उसने आवेदन किया है उससे जुड़ी हुई कोई गतिविधि को करने के लिए उससे कहा जाएगा। प्रत्येक ट्रेड के लिए निम्नलिखित मापदंड है :–

i)	राजमिस्त्री	राजमिस्त्री कार्य का ज्ञान, उपकरणों का चलाने का अनुभव, सिमेंट को

		मिलाना, विशिष्ट निर्माण के लिए दिवाल/पिल्लर क्षेत्रफल की गणना करना,
ii)	पलम्बर	पलम्बरिंग कार्य का ज्ञान, उपकरणों का चलाना, भवनों की ऊंचाई के अनुसार पानी का दबाव, जीआई और पीवीसी पाइप का प्रयोग, कोने में पाइप को फिटिंग करना, पाइप एवं नल को लगाना।
iii)	इलेक्ट्रीशियन	इलेक्ट्रिक कार्य का ज्ञान, एमसीबी की फिटिंग, प्लग/बल्बस/टयूबलाईट/ हॉल्डर की फिटिंग, 11000 वोल्टस और 440 वोल्टस की आपूर्ति, अर्थ पैनल की तैयार करना, जेनरेटर सेट की फिटिंग, ताम्बे और एल्यूमिनियम के तार का उपयोग करना।
iv)	बढ़ई	औजारों का इस्तेमाल करना, लकड़ी की कटाई, सामान की पॉलिसिंग और फिनिसिंग, दरवाजों और खिडकियों/खिडकियों पर ग्लास पैनल की फिक्सिंग की फिटिंग करने का ज्ञान, लकड़ी के बक्से/रैक बनाने की योग्यता और लकड़ी ट्रस बनाना।
v)	पेंटर	रंगों, पेंटस, शेड्स की ज्ञान, साइन बोर्ड की पेंटिग, मोटर परिवहन आदि के स्प्रे पेंटिग की डाईंग/पेटिंग का ज्ञान, विभिन्न रंगों /डिसटेम्परिंग को मिला कर पेंटिंग का ज्ञान, बैनर एवं बोर्ड के अक्षरों को स्पष्ट लिखने की योग्यता, लकडी को पेंट करना और सीजीआई शीट की पेंटिग करने की योग्यता।

4. चिकित्सा परीक्षा और दस्तावेजों की जांच :–

1) के0रि0पु0बल द्वारा प्रत्येक पद/ट्रेड के लिए लिखित परीक्षा में निर्धारित किए गए कट ऑफ अंकों से अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को ही चिकित्सा परीक्षा में शामिल होना होगा। उपलब्ध रिक्तियों को मद्देनजर रखते हुए विभाग को विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए अलग–अलग अर्हक मापदंड निर्धारित करने का विवेकाधिकार होगा।

2) रिक्तियों की संख्या तथा पिछले चिकित्सा परीक्षा में औसतन असफल होने वाले अथवा पिछले अनुभवों के आधार पर चिकित्सा परीक्षा में असफल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या की दर के अनुसार विभाग के अपने विवेकानुसार उतनी संख्याा में उम्मीदवारों की संख्या को और बढ़ाकर लिखित/ट्रेड परीक्षा, जैसी भी स्थिति हो, में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच की जाएगी। लिखित परीक्षा/ट्रेड टेस्ट में सफल हुए और विस्तृत चिकित्सा जांच के लिए चयनित किए गए उम्मीदवारों का विवरण/सूची वेबसाइट अर्थात www.crpfindia.com पर अपलोड की जाएगी। विस्तृत चिकित्सा जांच में सफल होने वाले उम्मीदवार अपने बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट अर्थात www.crpfindia.com से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा जांच के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों की सूची तथा चिकित्सा जांच होने की तिथि तथा स्थान संबंधित भर्ती केन्द्रों पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे और ट्रेड टैस्ट पूरी होने की तिथि से एक उचित समयावधि के बाद के0रि0पु0बल की वेबसाइट (www.crpf.nic.com एवं www.crpfindia.com) पर उपलब्ध रहेगी।

3) सभी उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा (सीधी भर्ती तथा भूतपूर्व सैनिक) विस्तृत चिकित्सा परीक्षा के अधीन होगी। इस संदर्भ में निम्नांकित को भी इसके साथ सुनिश्चित किया जाएगा :–

(क) चिकित्सा जांच (एक्स–रे एवं प्रयोगशाला जांच) सभी उम्मीदवारों की जाएगी जो प्रारंभिक या विस्तृत चिकित्सा परीक्षा में शामिल होंगे। चिकित्सा परीक्षा के संचालन के समय चिकित्सा परीक्षा में प्रपत्र में निर्धारित क्रम के अनुसार चिकित्सा अधिकारी द्वारा उम्मीदवार की चिकित्सा जांच की जाएगी।

(ख) उम्मीदवार को स्वस्थ या अस्वस्थ के रूप में घोषित किया जाएगा। कोई अस्थायी अस्वस्थता मान्य नहीं होगी।

(ग) यदि किसी उम्मीदवार को चिकित्सा जांच में ''अयोग्य/अनफिट'' घोषित कर दिया जाता है तो भर्ती बोर्ड के पीठासीन अधिकारी से विधिवत प्रतिहस्ताक्षरित अस्वीकृति/अनफिट के आधारों की सूचना (मेड फार्म–।।।) भर्ती चिकित्सक द्वारा उम्मीदवार को दी जाएगी। उम्मीदवार यदि चिकित्साधिकारी के निष्कर्षों से संतुष्ट नहीं है तो दिए गए चिकित्सा प्रमाणपत्र के प्रारूप में मेडिकल प्रेक्टिशनर से अपनी फिटनेस के सबूत और रिव्यू चिकित्सा परीक्षा शुल्क के साथ पुनरीक्षा (रिव्यू) चिकित्सा जांच के लिए उसको प्रदत्त चिकित्सा अनफिट/अयोग्यता की सूचना के 15 दिनों के अंदर अपील प्रस्तुत कर सकता है। कोई अस्थायी अस्वस्थता मान्य नहीं है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार अस्थायी अस्वस्थता मान्य नहीं है परंतु विस्तृत चिकित्सा परीक्षा के दौरान केरिपुबल के चिकित्सा बोर्ड द्वारा ''निर्णय लेने में त्रुटि'' की संभावना के मद्देनजर अपील के प्रावाधान को स्वीकार/विचार किया जाता है। प्रारंभिक या विस्तृत चिकित्सा परीक्षा के समय उम्मीदवार के रोगों एवं विकृतियों की चिकित्सा जांच उसे स्वस्थ/फिट या अस्वस्थ/अनफिट की घोषणा के लिए की जाएगी। रिव्यू चिकित्सा अपील को केवल ''निर्णय लेने में त्रुटि'' की संभावना के मद्देनजर की स्वीकार किया जाएगा। रिव्यू बोर्ड विशेषज्ञों सहित या इसके बिना ऐसे किसी ''निर्णय लेने में त्रुटि'' की संभावना अथवा विशेषज्ञों की राय लेने और/अथवा ऐसे किसी निष्कर्ष पर आने के लिए आवश्यक जांच करवाने हेतु विचार करेगा। विस्तृत चिकित्सा जांच के दौरान चिकित्साधिकारी के संज्ञान में आए रोग या विकृति को यदि कोई उम्मीदवार ऑपरेशन करवाकर/विकृति या रोग को हटवाकर/सुधरवाकर रिव्यू चिकित्सा जांच में आता है तो उस पर विचार/स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्वीकार किए जाने की दशा में ऊपर दर्शाए गए सिद्धांतों के अनुसार रिव्यू चिकित्सा जांच की जाएगी।

(घ) शरीर के पारंपरिक हिस्से जैसे कि बांह के अंदर के हिस्से और वो भी सैल्यूट में प्रयोग नहीं होने वाले बाएं हाथ की बांह पर बने टैटू की अनुमति होगी। टैटू का आकार संबंधित अंग (कोहनी अथवा हाथ) के चौथाई हिस्से से कम होना चाहिए। टैटू को हटाने पर उम्मीदवार के शरीर के चर्म पर आए कटे के निशान को चोट पश्चात अथवा जलने के पश्चात आए निशान के रूप में माना जाएगा बशर्ते कि वह शारीरिक प्रदर्शन एवं चलने–फिरने में वो बाधा न उत्पन्न करता हो।

(च) यह फिर से दुहराया जाता है कि नीचे दी गई रोगों और अपंगताओं के विवरणों के अनुसार उम्मीदवारों की चिकित्सीय जांच की जाएगी।

(छ) चिकित्सा बोर्ड द्वारा अनफिट/अयोग्य घोषित किए जाने के 15 दिनों के भीतर उम्मीदवार अपनी अपील/प्रतिवेदन अपीलीय प्राधिकारी को प्रस्तुत कर सकता है।

15. <u>सामान्य</u>

(क) <u>भर्ती के लिए चिकित्सा दिशा–निर्देश</u>

चिकित्सा मानदंडों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय संघ के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में चिकित्सा की दृष्टि से फिट/स्वस्थ उम्मीदवारों को स्वीकार किया जाए।

1. किसी भी चरण में चिकित्सा जांच से गुजरने इन्कार करने अथवा इससे स्वंय को अनुपस्थित करने से उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

2. चिकित्सा जांच के समय उम्मीदवार को उपलब्ध करवाए गए अनुलग्नक–।। में उसके रोगों का इतिहास या कोई रोग है तथा इसका कराया गया ईलाज, यदि कोई है, जोकि चिकित्सा जांच के समय तुरंत पता नहीं चलता है, उसकी घोषणा उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा। यदि सेवा के दौरान

किसी भी समय दी गयी झठी सूचना का पता चलता है तो उसे सेवा से हटाए जाने के साथ उसके विरूद्ध अनुशानात्मक कार्रवाई की जाएगी।

3. चिकित्सा जांच के कुछ चरणों में पुरूष उम्मीदवारों की निर्वस्त्र जांच करना अपेक्षित होगा। जननांगों / मूत्रांगों तथा गुदा की जांच के समय को छोड़कर लंगोट/चड्ढी(कमर के नीचे कपड़ा) पहनने की अनुमति होगी।

4. वजन के बारे में योग्यता/अयोग्यता का अंतिम निर्णय चिकित्सा बोर्ड द्वारा चिकित्सा जांच परीक्षा के समय ही कद और आयु चार्ट के आधार पर शारीरिक माप–तौल बोर्ड द्वारा मापे गए कद एवं इस पर दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा।

5. <u>टैटू</u> :

शरीर के पारंपरिक हिस्से जैसे कि बांह के अंदर के हिस्से और वो भी सैल्यूट में प्रयोग नहीं होने वाले बाएं हाथ की बांह पर बने टैटू की अनुमति होगी। टैटू का आकार संबंधित अंग (कोहनी अथवा हाथ) के चौथाई हिस्से से कम होना चाहिए। टैटू को हटाने पर उम्मीदवार के शरीर के चर्म पर आए कटे के निशान को चोट पश्चात अथवा जलने के पश्चात आए निशान के रूप में माना जाएगा बशर्ते कि वह शारीरिक प्रदर्शन एवं चलने–फिरने में वो बाधा न उत्पन्न करता हो। भर्ती के समय टैटू चिन्ह पर लागू अनुदेशों का ही अनुपालन किया जाएगा।

6. ऑपरेशन के बाद के मामलों के लिए फिटनेस अवधि– यदि किसी उम्मीदवार को निम्नलिखित के लिए ऑपरेशन किया गया है तो फिटनेस के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विचार किया जाएगा–

(क) शरीर में सूजन, डीएनएस, टांसिलेक्टामी एवं नेसल पालीपेक्टामी –01 माह

(ख) हाइड्रोसील – 03 माह

(ग) टाइमपेनोप्लास्टी – 04 माह

(घ) एब्डॉमनल/पेल्विक सर्जरी जिसमें पेरीटोनियम को खोलना भी शामिल है, हार्निया की मरम्मत, वेरीकोसील का आपरेशन, फिस्टुला–इन–एनो इत्याादि का आपरेशन – 06 माह

(च) चिकित्सा जांच के समय ही उपरोक्त अवधि पर विचार किया जाएगा चिकित्सा जांच की तिथि के बाद नहीं।

(छ) विस्तृत चिकित्सा जांच के दौरान पायी गयी अयोग्यता को दूर करने के लिए विस्तृत चिकित्सा जांच एवं पुनरीक्षा चिकित्सा जांच के बीच करवाए गए किसी भी ऑपरेशन को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उसे ''अयोग्य'' करार दिया जाएगा।

7. उम्मीदवार के घुटनों का आपस में मिलना, सपाट तलवे, वेरीकोस नसें अथवा आंखें भैंगी न हों।

8. रक्तचाप परीक्षण (सामान्य रेंज सिस्टोलिक 100–140 एमएम ऑफ एचजी, डायस्टोलिक 60 से 90 एमएम ऑफ एचजी)

9. हीमोग्लोबिन : (सामान्य रेंज– 12–16 ग्राम प्रतिशत) हालांकि 18 ग्राम प्रतिशत से अधिक वाले उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा। 12 ग्राम प्रतिशत से नीचे के लिए उन्हें अयोग्य माना जाएगा।

(ख) <u>चिकित्सा के दौरान अस्वीकृत किए जाने के लिए आधार</u> :–

नीचे दिए गए किसी भी रोग/विकृति के होने पर उम्मीदवार को अस्वीकृत कर दिया जाएगा :–

1. किसी गंभीर बीमारी का संकेत जैसे कि तपेदिक, सिफिलिस अथवा विनिरियल रोग, रूमेटाइड/किसी भी प्रकार आर्थराइटिस, हाइपरटेंशन इत्यादि।

2. ब्रोंकाइल अथवा लेरिंगल बीमारी जैसे कि अस्थमा, क्रोनिक टांसिलाइटिस एवं एडेनॉयडस आदि।
3. हृदय की वाल्व से संबंधित अथवा अन्य से संबंधित रोग।
4. सामान्यतया शरीर की असामान्य बनावट जिससे कि आगे प्रशिक्षण/ड्यूटी के दक्षतापूर्वक निर्वहन में बाधक हो।
5. अल्प मानक दृष्टि।
6. किसी भी प्रकार का भैंगापन।
7. ओटिटिस मीडिया(मध्यकर्णशोथ)।
8. बहरापन, किसी भी स्तर का बहरापन।
9. हकलाहट, जैसा कि बाद में विनिर्दिष्ट किया गया है।
10. दांतों की क्षति/सड़न जिसके परिणामस्वरूप दांतों की संख्या में कमी हो।
11. आधे अथवा पूरे कृत्रिम दांतों का लगा होना।
12. सीने में संकुचन/विकृति एवं जोड़ों में विकृति।
13. रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन (यह किस प्रकार का है, जैसे– किफोसिस, स्कालियोसिस, लॉर्डोसिस इत्यादि , को विनिर्दिष्ट किया जाना है)।
14. अपसामान्य चाल।
15. कानों में मैल।
16. विपथित नासिका झिल्ली (डेविएटिड नासल सेप्टम)।
17. अविकसित छाती।
18. बवासीर।
19. टांसलाइटिस।
20. अपसामान्य रक्तचाप।
21. कम वजन/अधिक वजन।
22. एंडोक्राइनल विकार।
23. मानसिक/तंत्रिका अस्थिरता।
24. दोषपूर्ण बुद्धिमत्ता।
25. किसी भी प्रकार की हार्निया।
26. गंभीर चर्म रोग जैसे विटिलिगो, लेप्रोसी, एसएलई, एक्जिमा, गहरा/व्यापक एवं पुरानी कवक त्वचाशोथ (फंगल डरमिटाइटिस) इत्यादि।
27. कोई भी जन्मजात अपसामान्यता न हो जिससे बाद में प्रशिक्षण/ड्यूटियों के कुशलतापूर्वक निर्वहन में कोई बाधा उत्पन्न हो।
28. गुदा में नासूर, बवासीर और अन्य आनुवांशिक बीमारियां न हो।
29. पैरों की विकृति, जैसे तलवे सपाट न हों, घुटने आपस में मिले न हों, चपटे पांव न हों इत्यादि।
30. मिर्गी रोगी न हो।
31. आंखों में भेंगापन न हो।
32. हाइड्रोसाइड/फिमोसिस।
33. क्यूबीट्स वार्स/वाल्गास
34. हाथों/पैरों में सामान्य से अधिक अंगुलियां न हों।
35. अविकसित अंडकोष, कृश अंडकोष, विशिष्ट वृषण–शिरापस्फीति, अंड ग्रन्थि में सूजन आदि न हो।
36. उभरी हुई नसें। उभरी हुई नसों के मामले में जिनका ऑपरेशन हुआ है, स्वीकार्य नहीं हैं क्योंकि बुनियादि दोष यथावत रहता है।
37. शरीर के किसी भी हिस्से में अंग प्रत्यारोपण संबंधी कोई सबूत होने पर उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

38. जननांग में किसी बड़ी विकृति अथवा दोष का प्रमाण जैसे कि सेक्स मे बदलाव, हर्मप्रोडिटिज्म, स्यूडोहेरमप्रोडिटिज्म अथवा गोनाडल डिसिजेनेसिस अथवा डायसफंक्शनल रेसिड्यूल्स, यहां तक कि सर्जिकल सुधार की स्थिति में भी, अयोग्यता माना जायेगा।

39. पेल्विक इनफ्लेमेटॉरी रोग के सबूत मिलने पर अयोग्यता माना जाएगा।

40. स्पाइन या स्क्रो इलिएक ज्वाइंटस बिना किसी पूर्व मेडिकल विवरण के या निशान के साथ होने पर जिससे कि उम्मीदवार के जीवन में सक्रिय रूप से शारीरिक कार्य करने में बाधा उत्पन्न हो तो उसे अयोग्य माना जाएगा।

41. रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर का पूर्व विवरण या अंतःक्रियास्थल डिस्क और सर्जिकल उपचार होने पर उसे अयोग्य माना जाएगा।

42. रेडियोलॉजी जांच के दौरान निम्नलिखित चिकित्सीय अवस्था में अयोग्य माना जाएगा :–

(क) रीढ़ का ग्रैनोलामोटेस रोग

(ख) गठिया/स्पोंडिलोसिस
–रूमेटॉइड गठिया और संबंद्व विकार
–एंकिलॉजिंग स्पोंडिलोसिस
– ऑस्टियोआर्थोसिस, स्पोंन्डिलाइटिस एवं डीजनरेटिव जोडों के रोग
– नॉन आर्टीकुलर रूमेटिज्म (जैसे कि अंग का घुमावदार कफ, टेनिस कोहनी, रिकरेंट लंबेगो आदि)
– विविध विकार जिसमें एसएलई, पॉलीमेमैटिस, वस्कुलाईटिस शामिल है

(ग) स्पॉडिंलाईटिसस/स्पॉडिलोलिसिस

(घ) वर्टेबरे का कंप्रेशन फैक्चर

(ड) स्क्यूरमेंस रोग (एडोल्सेंट काइफोसिस)

(च) सर्वाइकल स्पाइन के मुवमेंट करने पर चिकित्सीय रूप से प्रतिबंधित स्र्वाइकल लॉस होने पर

(छ) एकतरफा/दोतरफा सरवाइकल पसलियों के साथ डेमोन्सट्रेबल न्यूरोलॉजिकल या सरकुलेटरी डेफिसिट होने पर

(ज) कोबस विधि द्वारा मापने पर स्कॉलियोसिस के 15 डिग्री से अधिक होने पर

(झ) डिजेनेरेटिव डिस्क की बिमारी

(ट) एक से अधिक स्तर पर स्कमोरल के नोड्स की उपस्थिति

(ठ) अटलांटो–ओसीसीपटल और एटैलाटाएक्सियल विसंगतियां

(ड़) सरवाइकल, डॉरसेल या रीढ़ की हड्डी में किसी भी स्तर पर हेमी वरटेबरे और या अधूरा ब्लॉक (जुड़ा हुआ) होने पर तथा पूर्ण ब्लॉक (जुड़ा हुआ) और सरवाइकल या डॉरसेल स्पाइन में एक से अधिक स्तर पर होने पर

(ढ़) सभी स्तरों पर यूनीलेटरल स्कारलाईजेसन या लुंबराइजेसन (पूर्ण या अपूर्ण) तथा बाईलेटरल अपूर्ण स्कारलाईजेसन या लुंबराइजेसन

(ण) यदि विशेषज्ञ द्वारा उचित समझा जाये तो कोई अन्य असामान्यता होने पर

(त) मामूली क्युफोसिस या लॉर्डोस, जहां बमुश्किल ही विकृति ध्यान देने योग्य हैं और जिसमें कोई दर्द न हो या जिसमें मूवमेंट करने पर प्रतिबंध न हो, स्वीकार नही किया जाएगा।

(थ) ध्यान देने योग्य स्कॉलियोसिस या किसी अन्य असामान्यता या मामूली से अधिक रीढ़ की हड्डी की विकृति के मामले में, रीढ़ की हड्डी का उपयुक्त एक्स–रे लिया गया हो और जांचकर्ता ने विशेषज्ञ की राय के लिए रेफर किया गया हो।

(द) एक्स–रे जांच के दौरान निम्नलिखित शर्ते ज्ञात होने पर सशस्त्र बल में भर्ती के लिए अयोग्य माना जाएगा :–

(i) रीढ़ का ग्रैनोलामोटेस रोग
(ii) गठिया/स्पॉडिलोसिस
(iii) कोबस विधि द्वारा मापने पर स्कॉलियोसिस के 15 डिग्री से अधिक होने पर (सेना के लिए 10 डिग्री)
(iv) हल्के से अधिक क्यफोसिस/लॉर्डोसिस
(v) स्पॉडिलाईटिसस/स्पॉडिलोलिसिस
(vi) हर्निएटेड न्यूक्लियस पल्पोसेस
(vii) वर्टेब्रा का फैक्चर कम्प्रेसन
(viii) स्केरलाईजेशन बिमारी
(ix) सरवाइकल पसलियों के साथ डेमोन्सट्रेबल न्यूरोलॉजिकल या सरकुलेटरी डेफिसिट होने पर
(x) एक से अधिक स्तर पर स्कमोरल के नोड्स की उपस्थिति
(xi) अटलांटो–ओसीसीपटल और एटैलाटाएक्सियल विसंगतियां
(xii) एकतरफा/दोतरफा अपूर्ण स्केरलाईजेशन
(xiii) एसवी1 और एलवी5 को छोड़कर स्पिनबिफाडा यदि पूर्णतयाः स्केरलाईज्ड है
(xiv) कोई अन्य अपसामान्यता, यदि विशेषज्ञ द्वारा उचित समझा जाये

(ध) उम्मीदवार का मानसिक संतुलन बिगड़ने या फिट्स का पूर्व में इतिहास नहीं होना चाहिए।

(न) श्रवण शक्ति सामान्य होनी चाहिए। उम्मीदवार को शांत कक्ष में 610 सेमी की दूरी पर प्रत्येक कान से असामान्य कानाफूसी सुनने में समर्थ होना चाहिए। कान, नाक और गले की बिमारी का कोई पूर्व अथवा वर्तमान सबूत नहीं होना चाहिए। एएफ के लिए ऑडीओमेट्रिक टेस्ट किया जाएगा। ऑडिओमेट्रिक हानि की आवृत्ति 250 हर्ट्ज और 4000 हर्ट्ज के बीच जो प्लस 20 डीबी से अधिक नहीं होनी चाहिए। बोलने में कोई हकलाहट नहीं होना चाहिए।

(प) ह्दय और रक्त वाहिकाओं की संकार्य या जैविक बिमारी के कोई लक्षण नहीं होने चाहिए। रक्तचाप सामान्य होना चाहिए।

(फ) यकृत या प्लीहा बढ़ा हुआ नहीं होना चाहिए। पेट के आंतरिक अंगों की बिमारी के किसी भी सबूत के कारण अस्वीकृति कर दी जाएगी।

(ब) अन–ऑपरेटिड हार्निया से उम्मीदवार अयोग्य हो जायेगा। हर्निया के मामले में, जिसका ऑपरेशन हुआ होगा, कोर्स शुरू होने से पूर्व अंतिम चिकित्सा जांच से पहले न्यूनतम 6 माह अवश्य गुजर गए होने चाहिए।

(भ) हाइड्रोसिल, वेरिकोसील अथवा पाइल्स नहीं होनी चाहिए।

(म) पेशाब की जांच की जाएगी और कोई भी विकृति का पता चलने पर यह अस्वीकृति का कारण बन सकता हैं।

(य) चर्म की कोई बिमारी जो कि निःशक्तता अथवा विरूपता का कारण बन सकती है, भी अस्वीकृति का कारण होगी।

टिप्पणी : ये अनुदेश केवल दिशानिर्देश हैं। इन अनुदेशों के अलावा इस विषय पर विस्तार से समय–समय पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनुदेश चिकित्सा जांच के लिये लागू होंगे।

16. रिव्यू चिकित्सा जांच :–

(i) उम्मीदवार यदि चिकित्सा अधिकारी के परिणामों से संतुष्ट नहीं हो तो वे नीचे दिए गये प्राधिकारियों के पास चिकित्सा प्रैक्टिशनर से परिशिष्ट–आठ में चिकित्सा प्रमाण पत्र के रूप में प्राप्त स्वस्थता प्रमाण सहित चिकित्सा परीक्षा की समीक्षा के लिए अपील कर सकते हैं।

(ii)) पुलिस महानिरीक्षक, एम.पी. सेक्टर के0रि0पु0बल रिव्यू चिकित्सा जांच हेतु अपीलीय अधिकारी होंगें। रिव्यु चिकित्सा जांच हेतु प्राप्त अपीलों की स्क्रीनिंग के लिए अपीलीय अधिकारी को सहयोग करने हेतु एक मेडिकल अधिकारी की नियुक्ती की जाएगी। जिस उम्मीदवार की अपील अपीलीय अधिकारी द्वारा स्वीकार की जाती है, उसे रिव्यु मेडिकल बोर्ड के सम्मुख उपस्थित होने के लिए निश्चित समय, दिनांक एवं स्थान दर्शाते हुए बुलावा पत्र दिया जाएगा। उम्मीदवारों का रिव्यु मेडिकल परीक्षण रिव्यु मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित स्थान पर किया जाएगा तथा मेडिकल परीक्षण रिव्यु मेडिकल परीक्षण के लिए उपलब्ध नियम/निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

(iii) अपीलीय अधिकारी का पता : पुलिस महानिरीक्षक, एम.पी.सेक्टर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बंगरशिया, भोपाल (मध्य प्रदेश) पिन – 462045।

(iv) रिव्यू चिकित्सा परीक्षा (आर.एम.ई.) के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को यह सूचित किया जाएगा कि आर.एम.ई. बोर्ड द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम होगा और आर.एम.ई. हेतु बुलाए जाने तथा उसके परिणाम से उन्हें फिट घोषित किए जाने का आशय, चयन/नियुक्ति की गारंटी नहीं होगी। यह अंतिम मैरिट लिस्ट में प्राप्त अंकों पर निर्भर करेगा। उम्मीदवारों को यह सूचित किया जाएगा कि उन्हें आर.एम.ई. में अपने खर्चे पर शामिल होना होगा और रिव्यू चिकित्सा परीक्षा के लिए उन्हें 3–4 दिनों तक उस स्थान पर ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

(v) उम्मीदवार की प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षा करने और उन्हें चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ घोषित करने वाले चिकित्सा अधिकारी उस रिव्यू चिकित्सा बोर्ड में शामिल नहीं होंगे, जो रिव्यू चिकित्सा परीक्षा संचालित करेंगे।

(vi) यदि उम्मीदवार को दृष्टि और अन्य अपंगताओं/बीमारी, दोनों के कारण चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ घोषित किया गया है तो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उम्मीदवार का रिव्यू चिकित्सा बोर्ड द्वारा दोनों दृष्टिकोण से जांच की गई है। ऐसे उम्मीदवारों की सभी बीमारियां/अपंगताएं जिसके कारण उन्हें पहले चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ घोषित किया गया, ठीक होने पर ही उन्हें चिकित्सीय रूप से स्वस्थ करने हेतु विचार किया जाएगा।

(vi) रिव्यू चिकित्सा बोर्ड के परिणामों को मेडिकल फार्म–6 में दर्ज किया जाएगा। मेडिकल फार्म–6 की एक प्रति उम्मीदवार को दी जाएगी और दूसरी प्रति पर इसकी पावती लेकर इसको कार्यालय प्रति बनाया जाएगा।

(viii) अपील पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि निम्नलिखित का पालन नहीं होगा :–

क) अपील हर प्रकार से पूर्ण करके निर्धारित प्रपत्र में अपीलीय प्राधिकारी को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

ख) मेडिकल प्रेक्टिशनर से उम्मीदवार की फिटनेस के संबंध में चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ग) यदि मेडिकल बोर्ड/भर्ती चिकित्सा अधिकारी के आरंभिक निर्णय में, जिसने उनकी पहली बार जांच की है, त्रुटि की संभावना के सबूत के तौर पर उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किसी चिकित्सा प्रमाणपत्र में संबंधित मेडिकल प्रेक्टिशनर, जो कि जिला अस्पताल से संबंधित

विशेषज्ञता का चिकित्सा अधिकारी और ऊपर का होना चाहिये और साथ में एमसीआई/राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा दिया गया पंजीकरण हो, की ओर से यह टिप्पणी नहीं होगी कि यह इस तथ्य की पूरी जानकारी के साथ जारी किया गया है कि उम्मीदवार को पहले ही चिकित्सा बोर्ड, अथवा भर्ती चिकित्सा अधिकारी द्वारा सेवा के लिये अयोग्य के तौर पर अस्वीकार किया जा चुका है, विचार नहीं किया जाएगा।

घ) स्वयं का पता लिखा हुआ 27 रूपये का डाक टिकट लगा लिफाफा।

(ix) यदि अपील पत्र जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर नहीं प्रस्तुत की जाती है, जिसमें उम्मीदवार को चिकित्सा अधिकारी के निष्कर्षों की सूचना दी गई है।

(x) अपील की पूर्ण जांच की जानी चाहिए और अपील को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने के संबंध में निर्णय अपीलीय प्राधिकारी द्वारा किया जाना है।

(xi) उम्मीदवार को अपने अपील के साथ ऊपर वर्णित अपीलीय अधिकारी के नाम से आईपीओ/बैंकर्स चैक/डिमांड ड्राफ्ट के जरिये रूपये 25/– (पच्चीस रूपये) मात्र की पुनः चिकित्सा जांच फीस अपील के साथ प्रस्तुत की जानी है।

(xii) उन उम्मीदवारों को, जिनकी अपील स्वीकार कर ली जाती है, केरिपुबल द्वारा पुनः चिकित्सा जांच के लिए केरिपुबल के संवीक्षा चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के लिये पंजीकृत डाक से बुलावा पत्र जारी किया जाएगा, संवीक्षा (रिव्यू) चिकित्सा बोर्ड का निष्कर्ष अंतिम माना जाएगा।

(xiii) भर्ती चिकित्सा बोर्ड के निष्कर्ष/राय फिटनेस की तिथि से सेवा में शामिल होने तक एक वर्ष के लिए वैध होगी,

17. <u>चयन की पद्धति/अंतिम मैरिट सूची तैयार करना</u>

(i) चिकित्सा जांच परीक्षण/संवीक्षा चिकित्सा जांच पूरी होने के उपरांत, श्रेणी वार नामतः सामान्य, अजा, अजजा, अपिव और भूतपूर्व सैनिक के आधार पर उम्मीदवार द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रत्येक पद के उम्मीदवारों की अलग–अलग मैरिट सूची तैयार की जायेगी।

(ii) मेरिट सूची उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी। बराबर अंको के मामले में मैरिट सूची निम्नलिखित क्रमानुसार तैयार की जाएगी :–

(क) आयु में बड़े उम्मीदवार को वरीयता दी जायेगी।

(ख) यदि अब भी बराबरी बनी रहती हैं, तो इसे नामों के अक्षर क्रमानुसार हल किया जायेगा अर्थात् जिस उम्मीदवार का नाम अक्षर क्रम (अंग्रेजी) में पहले आता है तो उसे वरीयता दी जायेगी।

(iii) बशर्ते कि अजा, अजजा और अपिव, जिन्हें मानदण्डों में छूट के बगैर अपनी मैरिट पर चुना गया हैं, रिक्तियों के आरक्षित हिस्से के तहत समायोजित नहीं किया जायेगा। ऐसे अजा, अजजा और अपिव उम्मीदवारों को संपूर्ण मैरिट सूची में उनके स्थान के अनुरूप सामान्य/अनारक्षित रिक्तियों के तहत समायोजित किया जायेगा। आरक्षित रिक्तियों को अलग से पात्र अजा, अजजा और अपिव उम्मीदवारों में से ही भरा जायेगा। जिनमें इस तरह से अजा, अजजा और अपिव उम्मीदवार होगें जो कि अनारक्षित श्रेणी की मैरिट सूची में आखिरी सामान्य उम्मीदवारों से नीचे हैं परंतु मानदंड़ों में छूट से नियुक्ति के लिये अन्य प्रकार से सुयोग्य हैं।

(iv) अंतिम परिणाम वेबसाइट अर्थात www.crpfindia.com & www.crpf.nic.in पर प्रकाशित किया जायेगा। इसके अलावा अंतिम तौर पर चयनित उम्मीदवारों की सूची भर्ती केंद्र के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी और के.रि.पु.बल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी जिसके उपरांत नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा।

टिप्पणी :–

(1) परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिये कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिये सभी पात्रता शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूरी तरह अनंतिम, निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने के विषयाधीन है, यदि पीएसटी/पीईटी, लिखित परीक्षा, ट्रेड परीक्षा और चिकित्सा जांच से पहले अथवा बाद में किसी भी समय जांच के उपरांत यह पाया जाता है कि वे कोई पात्रता शर्तें पूरी नहीं करते हैं, विभाग द्वारा परीक्षा के लिये उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगीः

(2) उम्मीदवारों का अंतिम चयन लिखित परीक्षा में अर्जित अंकों के आधार पर संबंधित पदो के लिये प्रत्येक श्रेणी में मैरिट के अनुसार किया जाएगा।

(3) ज्वाईनिंग के समय सभी चयनित उम्मीदवारों से एक प्रतिज्ञापत्र लिया जायेगा कि यदि उनके सेवा कैरिअर के किसी भी चरण में यदि उनमें रंगांधता पाई जाती है तो उन्हें लागू शेप नीति के अनुरूप उन्हें सेवा से बाहर कर दिया जायेगा तथा उनके सेवा रिकार्ड के साथ लगा दिया जाएगा।

(4) यदि किसी उम्मीदवार द्वारा भर्ती प्रक्रिया के दौरान कोई अपात्रता अथवा तथ्यों को छिपाने की जानकारी बाद में उजागर होती है तो तदनुसार उसकी उम्मीदवारी/चयन/नियुक्ति को रद्द किया जा सकता है।

(5) यदि भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित रिक्तियां पात्र अथवा अर्हक उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण खाली रह जाती हैं, तो इन्हें भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनः रोजगार) नियम, 2012 में संशोधन की अधिसूचना के अनुरूप संबंधित श्रेणी के अन्य उम्मीदवारों से भर लिया जायेगा।

(6) कोई प्रतीक्षा सूची नहीं रखी जाएगी।

18. <u>निर्णय</u>

पात्रता, आवेदनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने, झूठी सूचना के लिये दंड, चयन की पद्धति, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केंद्रों के आबंटन और मैरिट सूची तैयार करने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड/विभाग का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिये बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा।

19. <u>अदालत का क्षेत्राधिकार</u>

इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद उस शहर/कस्बे पर क्षेत्राधिकार रखने वाली अदालतों/अधिकरणों के विषयाधीन होगा जहां केरिपुबल का संबंधित भर्ती केंद्र स्थित है और जहां उम्मीदवार ने अपना आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है।

20. <u>उम्मीदवारों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश</u> :–

1) भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक मानदंड परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, दस्तावेजों की जांच, लिखित परीक्षा, ट्रेड परीक्षा (केवल सिपाही/पायनियर हेतु) तथा विस्तृत चिकित्सा परीक्षण शामिल होंगे।

2) सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले इस नोटिस में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। यह नोटिस केरिपुबल की वेबसाइट www.crpf.nic.in पर भी उपलब्ध है।

3) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.जा./पूर्व सैनिक आदि श्रेणियों के अंतर्गत आरक्षण का लाभ लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि नोटिस में निर्धारित योग्यताओं के अनुसार वे ऐसे आरक्षण के योग्य हैं। उनके पास अपने दावे के पक्ष में पी.ई.टी./पी.एस.टी. तथा दस्तावेजों की जांच के दौरान दिखाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र होना चाहिए।

4) शारीरिक दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवार इस परीक्षा में आवेदन करने के योग्य नहीं है।

5) परीक्षा शुल्क– विभिन्न पदां के लिए परीक्षा शुल्क

1) उप निरी0 (ओवरसियर) – रू0 200
2) स0उ0नि0 (ड्रॉटसमैन) – रू0 100
3) सिपाही (पायनियर) – रू0 100

परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल भारतीय स्टेट बैंक के चालान या किसी भी बैंक से बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है। सरकारी आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा. तथा भूतपूर्व सैनिक जो आरक्षण की योग्यता रखते हैं को परीक्षा शुल्क से छूट प्राप्त है।

6. अंतिम तारीख – 05/05/2017
केरिपुबल की वेबसाइट **www.crpfindia.com** पर आवेदन पत्र ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं। ऑनलाइन प्रार्थना पत्र दिनांक 6/04/2017 से 05/05/2017 तक भेजे जा सकते हैं।

7. मोबाइल तथा अन्य इलैक्ट्रोनिक उपकरण परीक्षा केंद्र पर ले जाना मना है। यदि किसी उम्मीदवार के पास ऐसे उपकरण पाए जाते हैं तो उनकी उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी। केरिपुबल द्वारा इनका प्रयोग अनुचित माना गया है।

8. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन ही स्वीकृत किए जाएंगे, केवल एक आवेदन ही भेजा जाए। बहु–आवेदको के मामले में, केवल अंतिम आवेदन जिसके लिए भाग–।,।। एवं ।।। पंजीकरण पूर्ण किया गया है, ही स्वीकार किया जाएगा।

9. ऑनलाइन पंजीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर केरिपुबल की ओर से पंजीकृत फर्म के माध्यम से उम्मीदवारों को एसएमएस/ई–मेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

10. पी.एस.टी./पी.ई.टी., लिखित परीक्षा, ट्रेड टेस्ट और विस्तृत चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र केरिपुबल की वेबसाइट **www.crpfindia.com** पर अपलोड किया जाएगा।

11. उम्मीदवार पीईटी/पीएसटी तथा दस्तावेजों की जांच, लिखित परीक्षा, ट्रैड परीक्षा (केवल सिपाही/पायनियर के लिए) तथा विस्तृत चिकित्सा परीक्षण के लिए अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट से **www.crpfindia.com** से डाउनलोड कर सकते हैं।

12. उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए इस विज्ञापन सूचना के पैरा 2 में दिए गए अपने परीक्षा केंद्रों में भी संपर्क कर सकते हैं।

13. उम्मीदवारों को अपने साथ फोटो सहित पहचान का मूल प्रमाण जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर पहचान–पत्र, आधार कार्ड, विश्वविद्यालय/कालेज द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र/आयकर पैन कार्ड आदि अपने साथ रखना चाहिए। इसके बिना उन्हें परीक्षा के लिए प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

14. विभाग के पास इस विज्ञापन में बगैर कोई कारण बताए कोई भी बदलाव करने अथवा इसे रदद करने का अधिकार सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी आदेशानुसार इससे संबंधित शर्तों में भी बदलाव किया जा सकता है।

15. नियुक्ति के पश्चात उम्मीदवार केरिपुबल अधिनियम तथा केरिपुबल नियम तथा समय समय पर जारी किए गए इस प्रकार के ऐसे सरकारी अनुदेशों/नियमों जैसा कि लागू हैं, द्वारा शासित होंगे।

16. उम्मीदवारों को चयन/परीक्षा के लिए अपने जोखिम/स्वयं के खर्चे पर आना होगा तथा इसके लिए कोई यात्रा भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के दौरान उन्हें अपने ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

17. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती में दौड़/पीईटी में भाग लेने से पहले समुचित अभ्यास कर लें। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित दूरी की दौड़ दिए गए समय में पूरी करने के लिए, अपनी क्षमता की चिकित्सीय जांच करवा लें। भर्ती प्रक्रिया/परीक्षा के दौराान किसी प्रकार की चोट/घटना या चिकित्सीय समस्या के लिए केरिपुबल जिम्मेदार नहीं होगा।

18. सभी चरणों में सफल हुए उम्मीदवारों को अनंतिम माना जाएगा उनकी संतोषजनक धार्य शर्तों पर। अन्तिम चिकित्सा परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने से भी नियुक्ति की गारन्टी नहीं होती हैं, जैसे कि नियुक्ति का प्रस्ताव उस समय उपलब्ध रिक्तियों और प्रत्येक वर्ग/ट्रेड में योग्यता सूची में उम्मीदवारों की वरिष्ठता की सूची के अनुसार दिया जाएगा।

19. बल में नियुक्त उम्मीदवारों के नौकरी छोड़ने/त्याग–पत्र देने पर, नियमानुसार तीन माह के वेतन एवं भत्तों को या दिए गए प्रशिक्षण की लागत, दोनों में से जो भी ज्यादा हो, वापस जमा करनी होगी।

20. चयनित उम्मीदवारों को निर्धारित की गई अवधि के प्रशिक्षण को पूर्ण करना होगा और यह प्रशिक्षण बल के किसी भी केन्द्र पर हो सकता है। यदि उम्मीदवार निर्धारित की गई प्रशिक्षण पूरा नहीं करता है तो उसका/उसकी सेवाएं समाप्त की जाएगी।

21. भर्ती के लिए कोई याचना करने या बाहरी प्रभाव डालने अनुमति नहीं होगी ऐसा करने पर उम्मीदवार पद के लिए अयोग्य घोषित होगें बिना किसी नोटिस के।

22. जिन अभ्यर्थियों के पास सही योग्यता, सक्षमता, फिटनेस और ट्रेड का ज्ञान है वह ही इन पदों के लिए आवेदन करें।

23. परीक्षा में सफल होने पर नियुक्ति की गारंटी नहीं है जब तक कि विभाग पूरी से सभी पहलूओं की जॉच कर संतुष्ट नहीं हो जाता है कि वह अमुख पद के लिए योग्य है।

24. भर्ती बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

25. सभी मामलों जैसे योग्यता, स्वीकार एवं निरस्तीकरण, चयन की बिधि, परीक्षा का आयोजन एवं साक्षात्कार, परीक्षा केन्द्र का आबंटन, कौशल परीक्षा की विधि/प्रक्रिया, चिकित्सा परीक्षा इत्यादि के लिए विभाग का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में किसी भी उम्मीदवार के कोई पत्राचार/पूछताछ का जवाब नहीं दिया जाएगा।

नोट :– दलालों से सावधान रहें। के0रि0पु0बल में भर्ती के लिए कोई धन नहीं लिया जाता है। यदि कोई भर्ती के लिए धन की मांग करता है तो भर्ती बोर्ड के पीठासीन अधिकारी को तुरंत सूचित करें।

// हस्- // 22/03/2017
(एम.एस.शेखावत)

उप महानिरीक्षक(प्रशा0)
मध्य प्रदेश सेक्टर मुख्यालय
केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल,
(केरिपुबल के सभी अंचलो/सेक्टरों की
ओर से समेकित विज्ञापन के रूप में जारी)

अनुलग्नक–1

ऑनलाइन आवेदन भेजने की प्रक्रिया

ऑनलाइन आवेदन निम्नानुसार उपलब्ध होगा :–

भाग–।/ ।।/ ।।। का पंजीयन प्रारंभ होने की तिथि : 6/4/17 से 5/5/2017 तक

1. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित वेबसाइट पर प्रस्तुत कर सकते हैं :–

   http:///www.crpfindia.com

2. उम्मीदवार को कोई भी प्रविष्टि करने अथवा विकल्पों को चुनने से पहले इस सूचना में दिए गए अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लेना चाहिए। उम्मीदवार को ऑनलाइन प्रपत्र भरते समय सभी अपेक्षित विवरण देने चाहिए। अनिवार्य क्षेत्र को * से (तारांकित) चिह्नित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के तीन भाग हैं :–

   1) भाग–। पंजीकरण (व्यक्तिगत विवरण के साथ)
   2) भाग–।। पंजीकरण (फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें)
   3) भाग–।।। फीस का भुगतान (ऑनलाइन अर्थात नेट बैकिंग/डेबिट कार्ड और एसबीआई चालान अथवा डाकघर के जरिये ई–ट्रांजेक्शन)

3. भाग–। पंजीकरण में, उम्मीदवार को व्यक्तिगत सूचना भरनी होगी। भाग–। पूरा करने के उपरांत उम्मीदवार को Next बटन दबाना चाहिए। अब उम्मीदवार द्वारा भरी गई पूर्ण सूचना दिखाई देगी। अब यदि उम्मीदवार की कोई सुधार करने की इच्छा है तो बैक बटन दबाएं और यदि वह उसके द्वारा भरे गये विवरण से संतुष्ट है तो सबमिट बटन को दबायें। सबमिट बटन को चुनने के उपरांत कोई भी सुधार संभव नहीं होगा। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सबमिट बटन केवल तभी दबाएं जब उसके द्वारा भरी गई सूचना के सही होने की पुष्टि हो जाये।

4. भाग–।। पंजीकरण में उम्मीदवार को अपना फोटोग्राफ और स्कैन किये गये हस्ताक्षर को अपलोड करना होगा। एक बार फोटोग्राफ और स्कैन किये गये हस्ताक्षर अपलोड हो जायें तो Next बटन को दबाएं– अगली स्क्रीन में अपलोड की गई फोटो और हस्ताक्षर दिखाई देंगे। यदि सही पाये जाएं तो सबमिट बटन दबाएं अन्यथा फोटो और हस्ताक्षर को एडिट करने के लिये बैक बटन दबाएं। एक बार सफलतापूर्वक अपलोड कर दिए जाने पर पंजीकरण संख्या के साथ पेज सृजित होगा। पंजीकरण संख्या को नोट कर लें अथवा पेज का प्रिंट आउट ले लें।

5. आवेदन पत्र का भाग–।।। फीस के भुगतान के संबंध में है, जिन उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करना है वे नेट बैकिंग/किसी भी बैंक के क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड (वीसा/मास्त्रो/मास्टर कार्डस) अथवा एस.बी.आई. बैंक चालान के जरिये भुगतान कर सकते हैं। उम्मीदवार नोट कर लें कि विभाग द्वारा दी गई पंजीकरण संख्या और बैंक की ट्रांजैक्शन आईडी के संगत स्थान पर सही प्रकार से प्रविष्टि करना चाहिए, अन्यथा भुगतान को पंजीकरण के आरंभिक भागों के साथ लिंक करना संभव नहीं होगा।

6. ऑनलाइन आवेदन केवल स्कैन किए गए हस्ताक्षर और फोटो की अपलोडिंग और फीस के भुगतान के पश्चात ही पूरा होगा।

7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य की आवश्यकताओं के लिए भरे हुए आवेदन प्रपत्र का एक प्रिंट आउट अपने साथ रख लें। उम्मीदवारों को फीस की रसीद की प्रिंट प्रति रखनी होगी और इसे पीएसटी/पीईटी के समय अथवा जब भी मांगा जायेगा, दिखानी होगी।

8. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे हाल में लिया गया 8–बिट जे.पी.जी. फॉरमेट में स्कैन किया गया फोटोग्राफ अपलोड करें। फाइल का डिजिटल आकार 120 पिक्सल्स हाईट से 100 पिक्सल विड्थ रेजोल्यूशन का 12केबी से कम और 4 केबी से बड़ा होना चाहिए।

9. साथ ही अपने स्कैन किये गये हस्ताक्षर 8–बिट जेपीजी फार्मेट में अपलोड करें। फाइल का डिजिटल आकार 60 पिक्सल हाईट से 140 पिक्सल रेजोल्यूशन के 12 केबी से कम और 4 केबी से अधिक का होना चाहिए।

10. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रपत्र भरने से पहले अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

11. आवेदन प्रपत्र में किसी भी विवरण में परिवर्तन/सुधार के लिये अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। विभाग किसी भी कारण से, जो भी हो, आवेदन प्रपत्र में भरे गये किसी भी विवरण में कोई भी सुधार/विस्तार/लोप की अस्वीकार्यता को लेकर उत्पन्न किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

12. अंतिम/बंद होने की तिथि अर्थात् 05/05/2017 के उपरांत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को सीधे तौर पर नामंजूर कर दिया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

13. उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल होने के लिये उनकी यात्रा के लिये कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

14. वे चयन परीक्षाओं के लिए स्वयं के खर्च और जोखिम पर शामिल होंगे।

15. नियुक्ति इस शर्त के अधीन होगी कि उम्मीदवार को निर्धारित मानदंडों के अनुरूप चिकित्सा की दृष्टि से फिट घोषित किया गया है और वह अन्य सभी अपेक्षित शर्तें पूरी करता है।

16. सभी पद वर्दीधारी हैं। चयनित उम्मीदवारों को के.रि.पु.बल के किसी भी प्रशिक्षण संस्थान/ग्रुप केंद्र में बेसिक कॉम्बेटाइजेशन ट्रेनिंग/कोर्स के लिए भेजा जाएगा। उनकी सेवाएं जो सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने में असफल रहते हैं, समय–समय पर सरकार/विभाग द्वारा इस विषय में जारी नियमों/अनुदेशों के अनुरूप समाप्त की जा सकती हैं।

17. उनके चयन/नियुक्ति के उपरांत, यदि कोई उम्मीदवार अपात्र अथवा तथ्यात्मक सूचना को छिपाये जाने का किसी भी आधार पर दोषी पाया जाता है तो उसकी सेवाएं बगैर कोई कारण बताये समाप्त कर दी जाएंगी।

18. ये पद अखिल भारतीय सेवा दायित्व पर हैं और उम्मीदवारों को भारत/विदेश में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

19. चयनित उम्मीदवार, के.रि.पु.ब. में उनकी नियुक्ति होने पर के.रि.पु.ब. अधिनियम 1949, के.रि.पु.ब. नियम 1955 और समय–समय पर यथा लागू अन्य नियमों और विनियमों के अधीन शासित होंगे। बल में नियुक्त उम्मीदवारों के इस्तीफा देने अथवा नियमानुसार डिस्चार्ज करने की मांग करने पर उन्हें सरकार को 3 माह के वेतन और भत्तों के समान राशि अथवा उन्हें प्रदान किए गए प्रशिक्षण की लागत, जो भी अधिक है, जमा करानी अपेक्षित होगी।

20. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उस पद का स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए जिसके लिए उसने आवेदन किया है।

21. नियुक्ति अखिल भारतीय आधार पर वरियता क्रम में अंतिम मैरिट सूची से की जाएगी।

22. चयन प्रक्रिया में सफलता से उम्मीदवारों को तब तक नियुक्ति का अधिकार नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार विज्ञापित रिक्तियों के तहत तैयार की गई कट ऑफ मैरिट सूची में नहीं आ जाता और विभाग ऐसी जांच के उपरांत, जो भी वह आवश्यक समझता है, इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि उम्मीदवार सेवा/पद में नियुक्ति के लिए हर तरह से सुयोग्य है।

23. किसी भी रूप में सिफारिश अथवा बाहरी दबाव डलवाये जाने से उम्मीदवार बगैर सूचना दिए परीक्षा में उपस्थित होने के लिये स्वतः ही अयोग्य हो जाएगा।

24. रिक्तियों की संख्या को प्रशासनिक कारणों से बढ़ाया अथवा घटाया जा सकता है।

25. चयनित उम्मीदवारों पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों की नई अंशदायी पेंशन योजना जो कि 01/01/2004 से प्रभावी है, लागू होगी।

26. परीक्षाओं के दौरान किसी तरह की चोट आदि लगने पर भर्ती बोर्ड किसी तरह के दावे पर विचार नहीं करेगा। भर्ती बोर्ड का फैसला इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों में अंतिम होगा।

27. परीक्षा के किसी भी चरण के दौरान कोई चोट अथवा दुर्घटना के लिए केवल उम्मीदवार ही जिम्मेदार होगा अर्थात वह अपने स्वयं के जोखिम पर उपस्थित होगा।

28. आयु, शैक्षणिक, अर्हता, जाति, शारीरिक/चिकित्सा मानदंड आदि के संबंध में पात्रता मानदंड की अंतिम जांच चिकित्सा जांच के समय और बल में ज्वाइनिंग के समय भी की जाएगी। अतः किसी उम्मीदवार की उम्मीदवारी बल में ज्वाइनिंग होने तक केवल अनंतिम तौर पर स्वीकार की जाएगी। चिकित्सा जांच/बल में ज्वाइनिंग के समय जब जांच की जाती है और यदि आवेदन में किया गया कोई दावा ठीक से पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध के.रि.पु.बल का निर्णय अंतिम होगा। साथ ही बल में ज्वाइनिंग के उपरांत जन्मतिथि/शिक्षा/जाति/अन्य अपेक्षित प्रमाणपत्रों की प्रमाणिकता/वास्तविकता की जांच संबंधित बोर्ड/प्राधिकारी/संस्थान से की जाएगी और किसी भी चरण में कोई भी त्रुटि पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति की सेवाएं बगैर कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है।

29. विज्ञापन में कोई भी संशोधन अथवा भर्ती और परीक्षाओं/परिणामों आदि के संबंध में अद्यतन जानकारी केवल के.रि.पु.ब. की वेबसाइट (www.crpfindia.com और www.crpf.nic.in) पर प्रकाशित की जाएगी। उम्मीदवारों से उनके अपने हित में अनुरोध किया जाता है कि वे अद्यतन जानकारी के लिए नियमित तौर पर www.crpfindia.com और www.crpf.nic.in को लॉग ऑन करते रहें।

30. भर्ती के किसी भी चरण से संबंधित किसी भी पूछताछ पर संबंधित चरण के शेड्यूल तक विचार किया जाएगा। चरण विशेष के पूरा होने के उपरांत उस चरण से संबंधित किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

31. संबंधित श्रेणी की छूट केवल उन मामलों में दी जाएगी जहां रिक्तियां आवेदित पद के लिए संबंधित श्रेणी में उपलब्ध हैं। यदि श्रेणी विशेष के पद की रिक्तियां उपलब्ध नहीं है और उम्मीदवार उस श्रेणी की छूट नहीं ले रहा है तो उसे सामान्य/अनारक्षित श्रेणी उम्मीदवार के तौर पर समझा जाएगा। जहां कहीं अपिव/अजा/अजजा श्रेणी की रिक्तियां उपलब्ध नहीं है और उम्मीदवार सामान्य/अनारक्षित श्रेणी उम्मीदवार के मानदंड को पूरा नहीं करता है, ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी को किसी भी चरण में नामंजूर कर दिया जाएगा। लेकिन भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के आवेदनों को उनकी श्रेणी अथवा श्रेणी विशेष में रिक्ति की परवाह किए बगैर स्वीकार किया जाएगा।

उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

धोखेबाजों से सावधान। के0रि0पु0बल में भर्ती के लिए कोई धनराशि नहीं ली जाती है। यदि आपने किसी को धनराशि का भुगतान किया हैं अथवा वायदा किया हैं आपके साथ धोखा किया जा रहा हैं और आप अपनी धनराशि खो रहे हैं, यदि कोई भी आपसे चयन कराने के लिये धन की मांग करता है तो तत्काल भर्ती बोर्ड के पीठासीन अधिकारी (पी.ओ.), संबंधित भर्ती केंद्र के महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक अथवा नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें।

// हस्- // 22/03/2017
(एम.एस.शेखावत)
उप महानिरीक्षक(प्रशा0)
मध्य प्रदेश सेक्टर मुख्यालय
केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल,
(केरिपुबल के सभी अंचलो/सेक्टरों की
ओर से समेकित विज्ञापन के रूप में जारी)

अनुलग्नक–II

सेवारत रक्षा कार्मिकों के लिए प्रमाणपत्र का प्रपत्र (कृपया परीक्षा के लिए सूचना के नीचे दिए गए पैरा 6 का नोट–**III** देखें)

मैं प्रमाणित करता है कि मेरे पास उपलब्ध सूचना के अनुसार (सं0) ..... (पद) ..... नाम) ..... सशस्त्र बलों में उसकी नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि दिनांक ..... को पूरा कर लेगा।

स्थान :
दिनांक :

कमांडिंग अधिकारी के हस्ताक्षर
कार्यालय की मुहर

अनुलग्नक–III

भूतपूर्व सैनिकों द्वारा सूचना के नोट–**III** के अधीन दिए जाने वालो बचनपत्र

मै यह समझता हूँ कि यदि भर्ती/परीक्षा के आधार पर, जिससे आवेदन पत्र संबंधित है, यदि मेरा चयन हो जाता है, मेरी नियुक्ति, नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार ये दस्तावेती सबूत प्रस्तुत किए जाने के अधीन होगी कि मुझे सशस्त्र सेनाओं से विधिवत् कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त/डिस्चार्ज कर दिया गया है और मैं भूतपूर्व सैनिक (समय–समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनःरोजगार नियम 1979) के अनुरूप भूतपूर्व सैनिकों को देय लाभ प्राप्त करने का पात्र हूँ।

मै यह भी समझता हूँ कि यदि मैंने इस नियुक्ति से पूर्व किसी भी समय भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित रिक्तियों के आरक्षण की रियायत का लाभ लेकर सिविल साइड में (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत संस्थाओं/सांविधिक संस्थाओं, राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि सहित) कोई रोजगार हासिल किया है तो मैं इस परीक्षा के तहत की जाने वाली भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्ति पर नियुक्ति के लिए पात्र नही रहूंगा।

आगे मैं निम्नलिखित सचना प्रस्तुत करता हूँ :–

क.	सशस्त्र बलों में नियुक्ति की तारीख	:
ख.	डिस्चार्ज की तारीख	:
ग.	सशस्त्र बलों में सेवा की कुल अवधि	:
घ.	मेरी अंतिम यूनिट/कोर	:

स्थान :
दिनांक :

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

अनुलग्नक–IV

अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण पत्र का प्रपत्र

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का दावा करने वाले उम्मीदवार को अपने दावे के समर्थन में नीचे दर्शाए गए प्रपत्र में प्रमाणपत्र की सत्यापित/प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी जो जिला मजिस्ट्रेट या उप मंडल अधिकारी या उसके जिले जिसमें उसके माता–पिता (या जीवित माता–पिता) सामान्यतः निवास करते हैं कोई अन्य अधिकारी जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, जिसे संबंधित राज्य सरकार द्वारा ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम नामोदिष्ट किया गया है, द्वारा जारी किया गया हो। यदि उसके माता–पिता, दोनों जीवित नहीं हैं तो, प्रमाणपत्र उस जिले का होना चाहिए जहां उम्मीदवार, केवल अपनी शिक्षा ग्रहण करने के प्रयोजन को छोड़कर, सामान्यतः स्वयं निवास करता है। जहां कही फोटोग्राफ प्रमाणपत्रों का एक आवश्यक भाग हो, वहां आयोग ऐसे प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतियां ही स्वीकार करेगा और कोई अन्य सत्यापित या सत्य प्रति स्वीकार नही करेगा।

(भारत सरकार के अधीन के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन देने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का प्रपत्र)

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... पुत्र/पुत्री श्री .... ग्राम/नगर* ..... *जिला/मंडल* ..... राज्य/संघ राज्य क्षेत्र* ... . के निवासी ..... जाति/जनजाति से संबंधित है जो कि निम्नलिखित के अधीन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त है :–

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950

संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950

संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951*

संविधान (अनुसूचित जनजाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951*

(अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (संशोधन) आदेश 1956 द्वारा संशोधित बम्बई पुनर्गठन अधिनियम 1960 पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम 1970, पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन अधिनियम 1971) तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976)

.संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956

' संविधान (अंडमान व निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959

' अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976 द्वारा संशोधित।

' संविधान (दादरा तथा नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962

' संविधान (दादरा तथा नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962

' संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1964@

' संविधान (उत्तर प्रदेश) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1967@

' संविधान (गोवा, दमन व दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968@

' संविधान (दादरा तथा नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968@

' संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970@

' संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978@

' संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978@

' संविधान (जम्मू–काश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश आदेश 1989@

' संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन), अधिनियम 1990@
' संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन), अधिनियम 1991@
' संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (द्वितीय–संशोधन), अधिनियम 1991
' संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन), अधिनियम 1996

2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उन व्यक्तियों के मामले में लागू होगा जो एक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र से दूसरे में प्रवासित हुए हैं।

यह प्रमाणपत्र श्री/श्रीमती/कुमारी ..... पुत्र/पुत्री श्री ..... ग्राम/नगर ..... जिला/मंडल ..... राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ..... को जो ..... जाति/जन जाति से संबंधित हैं जो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ..... में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त हैं को अथवा श्री.....तथा अथवा उसका परिवार जो सामान्यतः ..... ग्राम/नगर* ..... जिला/मंडल* .....राज्य/संघ राज्य क्षेत्र* में निवास करते हैं को ..... (जारी करने वाले निर्धारित प्राधिकृत अधिकारी का नाम) द्वारा उनके दिनांक .... संख्या ..... के अधीन जारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र के आधार पर जारी किया जाता है।

3. श्री/श्रीमती/कुमारी ..... और / या परिवार सामान्यतः ..... ग्राम/नगर * ..... जिला/मंडल* ..... राज्य/संघ राज्य क्षेत्र* में निवास करता/करती है।

स्थान .....
दिनांक .....

हस्ताक्षर .....
पदनाम .....
(कार्यालय की मोहर सहित)

* जो शब्द लागू नहीं हों उन्हें हटा दें।
@ कृप्या राष्ट्रपति के विशिष्ट आदेश को दर्शाएं।
% जो पैराग्राफ लागू नहीं हो उसे हटा दें।

टिप्पणी :– यहां ''सामान्यतः निवास करते हैं'' का अर्थ वही होगा जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20 में निहित है।

जाति/जनजाति प्रमाणपत्र जारी करने हेतु सक्षम अधिकारियों की सूची

1) जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/अपर उपायुक्त/डिप्टी कलेक्टर/प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/उप मंडल मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यकारी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त।
2) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
3) राजस्व अधिकारी जिसका पद तहसीलदार से कम न हो ।
4) उस क्षेत्र के उप मंडल अधिकारी जहां उम्मीदवार तथा/या उसका परिवार सामान्यतः निवास करता है।

टिप्पणी :– तमिलनाडू राज्य से संबंधित उम्मीदवारों को केवल राजस्व मंडल अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

अनुलग्नक–V

भारत सरकार के अन्तर्गत पदों हेतु नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अन्य पिछडा वर्ग द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का प्रपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... पुत्र/पुत्री श्री .... ग्राम/नगर ..... जिला/मंडल ..... राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ..... समुदाय .. .. के हैं जो कि भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय के संकल्प सं0 .... दिनांक ..... के अधीन अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्राप्त है।

श्री/श्रीमती/कुमारी ..... और/ या उसका परिवार ..... ग्राम/नगर ..... जिला/मंडल ..... राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में सामान्यतः निवास करता है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वे भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93 स्था0(एस.सी.टी.) दिनांक 08/09/1993 की अनुसची के कालम 3 में वर्णित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है।

हस्ताक्षर.....

दिनांक ..... पदनाम.....

(कार्यालय मुहर सहित)

मुहर

*प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी को भारत सरकार के उस संकल्प का विवरण दर्शाना चाहिए जिसके अंतर्गत उम्मीदवार को अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाणपत्र जारी किया गया है।

**समय–समय पर यथा संशोधित

नोट :– यहां ''सामान्यतः निवास करते हैं'' का अर्थ वही होगा जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20 में निहित है ।

अनुलग्नक–VI

लंबाई(ऊंचाई) या सीने की माप में छूट प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का प्रारूप

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... पुत्र/पुत्री श्री ..... ग्राम ..... तहसील/तालुक ..... जिला .... राज्य ..... का स्थाई निवासी है।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :–

*गढवाली, कुमाऊनी, गोरखा, डोगरा, मराठा की श्रेणियों में आने वाले उम्मीदवारों और असम, हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं काश्मीर राज्यों से संबंधित उम्मीदवारों को गढवाली, कुमाऊनी, गोरखा, डोगरा, मराठा;

*पूर्वोत्तर के अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा राज्यों के उम्मीदवारों और दार्जिलिंग जिले के तीन उप मंडलों अर्थात दार्जिलिंग, कलीमपोंग, और कुरसिआंग को मिलाकर बने गोरखा भूभाग प्रशासन तथा इन जिलों के ''मोजस'' उप मंडलों में निम्नलिखित शामिल हैं के उम्मीदवार :–

(1) लोहागढ़ टी गार्डन (2) लोहागढ़ फोरेस्ट (3) रंगमोहन (4) बाड़चेंगा (5) पानीघाट
(6) छोटा अदलपुर (7) पहाडू (8) सुकना फोरेस्ट (9) सुकना पार्ट–1
(10) पन्तापटी फोरेस्ट–1 (11) महानदी फोरेस्ट (12) चमपसरी फोरेस्ट
(13) सालबाड़ी छत पार्ट–2 (14) सितोंग फोरेस्ट (15) सिवोक हिल फोरेस्ट (16) सिवोक

*वह अनुसूचित जनजाति से संबंधित है।

स्थान :
दिनांक :

जिलाधिकारी/सब डिविजनल मजिस्ट्रेट/तहसीलदार के हस्ताक्षर मुहर के साथ

*जो लागू न हो उसे काट दें।

अनुलग्नक–VII

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में सेवारत कार्मिकों के पुत्र/पुत्रियों के लिए प्रमाणपत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि ..... (उम्मीदवार का नाम) पुत्र/पुत्री/वार्ड के0रि0पु0बल के बल सं0 ..... पद .....नाम .... का पुत्र/पुत्री है जो कि के0रि0पु0बल की .....बटालियन/कार्यालय पते सहित में तैनात है। यह भी प्रमाणित किया जाता कि यह पुत्र/पुत्री सेवारत कार्मिक के साथ रहते हैं। उपरोक्त पुत्र/पुत्री/वार्ड का नाम सेवारत कार्मिक की सेवा पुस्तिका से सत्यापित किया गया है।

दिनांक :

यूनिट कमांडर के हस्ताक्षर
नाम.....
पद.....
बटालियन .....
मुहर सहित

नोट : इस प्रमाणपत्र की एक प्रति सेवारत कार्मिक की सेवा पुस्तिका में भी रखी जाएगी।

अनुलग्नक–VIII

के0रि0पु0बल में वर्ष 2017 में पायनियर विंग में भर्ती हेतु
प्रपत्र सं0 केसपुबल (उ0नि0/ओवरसियर, स0उ0नि0/ड्राट्समैन और सिपाही पायनियर)–2016–17/3
उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच समीक्षा के लिए प्रमाणपत्र/प्रपत्र

उम्मीदवार के फोटो और अंगूठे के निशान को मेडिकल प्रेक्टिशनर द्वारा सत्यापित किया जाए		उम्मीदवार के फोटोग्राफ और अंगूठे के निशान के लिए स्थान

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री ..... पुत्र/पुत्री श्री .... जिसके फोटो और अंगूठे के निशान ऊपर दिए गए हैं और मेरे द्वारा सत्यापित किए गए हैं जो कि के0रि0पु0बल में वर्ष 2017 में उप निरी0(ओवरसियर), सउनि(ड्रॉट्समैन) और सिपाही–राजमिस्त्री/पलम्बर/इलैक्ट्रीशियन/बढ़ई/पेंटर 2016 के पद पर भर्ती के लिए उम्मीदवार है की मेरे द्वारा ..... अस्पताल में दिनांक ..... को चिकित्सा जांच की गई।

3. मैं, अधोहस्ताक्षरी को इसकी जानकारी है कि श्री/सुश्री ..... पुत्र/पुत्री श्री ..... की के0रि0पु0बल में उप निरी0(ओवरसियर), सउनि(ड्राफ्ट्समैन) और सिपाही – राजमिस्त्री/पलम्बर/इलैक्ट्रीशियन/बढ़ई/पेंटर 2016 के पद पर भर्ती के लिए चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच में निम्नलिखित कारणों से अनफिट घोषित किया गया है :–

.....

.....

मेरी राय में निम्नलिखित कारणों से यह एक निर्णय की चूक है :–

.....

.....

विधिवत् जांच करने के बाद, मैं उसे उक्त पद के लिए चिकित्सा जांच में फिट घोषित करता हूँ।

संबंधित फील्ड के विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी
के मुहर सहित हस्ताक्षर और नाम
पंजीयन सं0 .....
(भा0चि0परिषद/रा0चि0परिषद)
पदनाम
सरकारी अस्पताल का नाम और पता (जिला अस्पताल या उससे ऊपर)

दिनांक :

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
(मेडिकल प्रेक्टिशनर की उपस्थिति में)

सत्यापित

संबंधित फील्ड के विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी
के हस्ताक्षर और मुहर

नोटः– 1) जहां कहीं लागू हो मेडिकल प्रेक्टिशनर की राय चिकित्सा रिपोर्टों/दस्तावेजों से समर्थित होनी चाहिए।
2) चिकित्सा फिटनैस प्रमाणपत्र देने वाले मेडिकल प्रेक्टिशनर द्वारा उम्मीदवार के फोटो और अंगूठे के निशान को सत्यापित किया जाए। सत्यापित नही किए गए फार्म को सीधे नामंजूर कर दिया जाएगा।
3) डाक में होने वाले विलम्ब के लिए के0रि0पु0बल जिम्मेदान नही होगा।